राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 365
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 28 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 ग्रेनो प्राधिकरण के सुपरवाइजर ने दिया इस्तीफा
पेज 4 नई बस सेवा के शुभारंभ से जनता को मिलेगा लाभ : स्वामी
पेज 6 शुभमन बोले, टीम और मजबूत होकर उभरेगी

## दिल्ली प्रदूषण, सीजेआई बोले- हमारे पास जादू की छड़ी नहीं

### जिससे आदेश जारी करते ही हवा साफ हो जाए; एक्सपर्ट-साइंटिस्ट को समाधान खोजना चाहिए



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। मुझे बताइए कि हम क्या आदेश दे सकते हैं, जिससे हवा तुरंत साफ हो जाए।

सीजेआई ने कहा- दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स के बिगड़ने के कई कारण हैं। इस क्षेत्र के एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स ही इसका हल निकाल सकते हैं। समस्या हम सबको पता है। समाधान ढूंढने की जरूरत है। प्रदूषण का कोई ए क कारण है, यह सोचना बहुत बड़ी गलती हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 1 दिसंबर की तारीख तय की। सीजेआई के साथ जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा- सोमवार को देखते हैं कि मामले पर हम क्या कर सकते हैं।

### सीजेआई ने कहा- सुबह एक घंटे टहला, प्रदूषण से तबीयत बिगड़ी

इससे पहले बुधवार को सीजेआई सूर्य कांत ने एसआईआर मामले पर सुनवाई के दौरान दिल्ली प्रदूषण को लेकर चिंता जताई थी।

उन्होंने कहा- मैं मंगलवार शाम को एक घंटा टहलने गया। प्रदूषण की वजह से मेरी तबीयत बिगड़ गई।

सीजेआई ने कहा- हमें जल्द इसका हल निकालना होगा। उन्होंने गंभीर वायु प्रदूषण के चलते सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई वर्चुअल मोड में शिफ्ट करने की संभावना पर विचार की बात भी कही।

सीजेआई ने कहा- 60 साल और उससे ज्यादा उम्र के वकीलों को इन-पर्सन (आमने-सामने) हियरिंग से बाहर रखने की बात पर विचार किया गया है। फैसला जल्द होगा।

दरअसल, इलेक्शन कमीशन के एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने सीजेआई से खराब सेहत की वजह से सुनवाई से छूट मांगी थी।

इस पर सीजेआई ने कहा- यह दिल्ली के मौसम की वजह से हो रहा है। मैं सिर्फ टहलता हूं। अब यह भी मुश्किल हो रहा है।

### लाल किला विस्फोट



लाल किला विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी जसीर बिलाल वानी को नई दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली की अदालत ने गुरुवार को वानी को सात दिनों के लिए राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में भेज दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रायसेन में बच्ची से रेप का आरोपी भोपाल से पकड़ाया

**भोपाल।** रायसेन के गौहरगंज में मासूम से रेप का आरोपी 6 दिन बाद भोपाल से पकड़ाया है। गांधीनगर पुलिस ने गुरुवार देर रात उसे हिरासत में लेकर गौहरगंज पुलिस के हवाले कर दिया है। गौहरगंज पुलिस उसे लेकर रात में ही रवाना हो गई। आगे की कार्रवाई वही की जाएगी। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि जंगलों के रास्ते भोपाल में दाखिल हुआ था। पैदल ही गांधीनगर इलाके में आया। सलमान के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही जय मां भवानी हिंदू संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंच गए थे। लेकिन, उससे पहले ही उसे गौहरगंज पुलिस को सौंपा जा चुका था।

### अहमदाबाद जा रहा एअर इंडिया का प्लेन दिल्ली लौटा

अहमदाबाद जा रहा एयर इंडिया का एक प्लेन गुरुवार शाम को कार्गो होल्ड एरिया में धुएं के शक के चलते दिल्ली एयरपोर्ट लौट आया। हालांकि जांच के दौरान धुआं नहीं मिला। दिल्ली-अहमदाबाद फ्लाइट एआई 2939, जो एयरबस ए 320 एयरक्राफ्ट से ऑपरेट हो रही थी, इसमें करीब 170 लोग सवार थे। एयरक्राफ्ट टेक ऑफ के तुरंत बाद धुएं की खबर के चलते दिल्ली लौट आया, जो बाद में गलत निकली। स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के बाद, एयरक्राफ्ट दिल्ली में लैंड हुआ और पैसेंजर और क्रू को सुरक्षित उतार लिया गया। बाद में पैसेंजर को दूसरे एयरक्राफ्ट से अहमदाबाद ले जाया गया।

## सुप्रीम कोर्ट बोला : दिव्यांगों के लिए फंड जुटाएं यूट्यूबर्स

### समय रैना के शो में मजाक उड़ाया था; सरकार को अश्लील कंटेंट पर नियम बनाने का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सोशल मीडिया के कंटेंट से जुड़े दो मामलों पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- सोशल मीडिया पर डाले जाने वाले एडल्ट कंटेंट के लिए किसी न किसी को जिम्मेदार लेनी ही होगी। केंद्र सरकार इसके लिए 4 हफ्ते में रेगुलेशन बनाए और कानून एससी/एसटी एक्ट की तरह सख्त हों।

वहीं दिव्यांगों से जुड़े दूसरे मामले में इंडियाज गॉट लेटेंट के होस्ट और यूट्यूबर समय रैना को आदेश दिया कि वे अपने शो में दिव्यांग लोगों की सफलता की कहानियां दिखाएं, ताकि उनकी मदद के लिए फंड इकट्ठा किया जा सके।

### अश्लील कंटेंट मामला

इंडियाज गॉट लेटेंट स्टैंड अप कॉमेडियन समय रैना का शो है। इस



शो में बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। जिन दो शो पर विवाद हुआ, वह फरवरी में रिलीज हुआ था। इस शो में पेरेंट्स और महिलाओं को लेकर ऐसी बातें कही गईं, जिनका जिक्र यहां नहीं कर सकते है।

इस मामले पर समय रैना और रणवीर अलाहबादिया व अन्य के खिलाफ कई राज्यों में एफआईआर दर्ज की गई। रणवीर ने एफआईआर रद्द करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई। हालांकि कोर्ट ने इस पर कोई छूट तो नहीं दी, लेकिन केंद्र सरकार को सख्त नियम बनाने का आदेश दिया।

### दिव्यांगों से जुड़ा मामला

इंडियाज गॉट लेटेंट शो में ही समय रैना ने दिव्यांगों का भी मजाक उड़ाया था। यह मामला भी फरवरी का था। जिसके खिलाफ SMA फाउंडेशन ने याचिका लगाई। आरोप लगा कि समय ने दिव्यांगों खासतौर पर ब्लाइंड पर्सन का मजाक उड़ाया था। कोर्ट ने कॉमेडियन समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर को आदेश दिया कि वे अपने शो में दिव्यांग लोगों की सफलता की कहानियां दिखाएं। ताकि उनकी मदद के लिए फंड इकठ्ठा किया जा सके। 10 में से 6 कॉमेडियन ने कहा कि वे महीने में ऐसे दो शो करेंगे और फंड जुटाएंगे।

### गुजरात में महिला ने बेटी को डुबोकर मार डाला, फिर खुद कर ली आत्महत्या; दोनों ने की थी लव मैरिज

**अहमदाबाद।** गुजरात के छोटा उदयपुर जिले के संखेड़ा तालुका में एक महिला ने कथित तौर पर अपनी आठ महीने की बेटी की हत्या कर दी और फिर आत्महत्या कर ली। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पीपलसत गांव की निवासी संगीता भील ने बुधवार को अपनी आठ महीने की बेटी को घर के पास खुले टैंक में कथित तौर पर डुबो दिया। उस समय उसका पति गिरीश दूध लेने गया था। जब वह वापस लौटा तो उसने पाया कि उसकी बेटी डूब गई है, जबकि संगीता लापता है। अधिकारी ने बताया कि उन्हें संगीता का शव घर से करीब 150 मीटर दूर एक पेड़ से लटका मिला। गिरीश के पिता ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में दावा किया कि संगीता पारिवारिक विवादों के कारण तनाव में थी और उसे डर था कि उसके माता-पिता उसे गिरीश से दूर ले जाएंगे। दोनों ने भागकर शादी की थी। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## असम में एक से ज्यादा शादी की तो जेल होगी

### सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी, निकाय चुनाव नहीं लड़ पाएंगे; विधानसभा में बिल पास



#### कानून से महिलाओं के अधिकार मजबूत होंगे

असम सरकार का कहना है कि ऐसे मामलों में महिलाओं को अक्सर सबसे ज्यादा चोट पहुंचती है और यह कानून उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है। इस बिल को राज्य में महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने, परिवार व्यवस्था को कानूनी रूप से सुरक्षित करने और सामाजिक सुधार लाने के लिए एक निर्णायक कदम बताया है।

**गुवाहटी।** असम में एक से ज्यादा शादी (बहुविवाह) करना अब अपराध होगा। राज्य सरकार ने गुरुवार को विधानसभा में बहुविवाह पर रोक लगाने वाले असम प्रोहिबिशन ऑफ पॉलिगामी बिल, 2025 को पास कर दिया। आगे ये बिल राज्यपाल के पास जाएगा। बिल कब से लागू होगा, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

इस नए बिल के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति पहले से शादीशुदा होते हुए दूसरी शादी करता है या उसकी पिछली शादी कानूनी रूप से खत्म नहीं हुई है, तो यह अपराध माना जाएगा। इसकी सजा 7 साल तक की जेल और जुर्माना है। साथ ही पीड़ित को 1.40 लाख रुपए मुआवजा देने का भी प्रावधान है।

यदि कोई व्यक्ति अपनी मौजूदा शादी को छिपाकर दूसरी शादी करता है तो उसे 10 साल तक जेल और जुर्माने की सजा हो सकती है। अपराध दोहराने पर हर बार सजा दोगुनी होगी। यह कानून छठे शेड्यूल क्षेत्रों और शेड्यूल्ड ट्राइब वर्ग पर लागू नहीं होगा। सरकार के अनुसार इन क्षेत्रों की स्थानीय प्रथाओं को देखते हुए छूट दी गई है।

बिल पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों से अपने संशोधन प्रस्ताव वापस लेने की अपील की। हालांकि AIUDF और CPI(M) के प्रस्तावों को सदन ने वाइस वोट से खारिज कर दिया।

## आतंकी संगठन जमात-ए-इस्लामी के कई ठिकानों पर रेड



### जम्मू में 19 साल का युवक गिरफ्तार, पाकिस्तान में कुछ नंबरों पर बात कर रहा था

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के 5 जिलों में गुरुवार को पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात-ए-इस्लामी से जुड़े कई लोगों के ठिकानों पर रेड की। पुलिस ने तलाशी के दौरान कई डॉक्यूमेंट्स समेत मोबाइल, लैपटॉप जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि घाटी में सुरक्षा अभियान के तहत शोपियां, पुलवामा, श्रीनगर, बारामूला और कुलगाम में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। इस दौरान पुलिस टीमों ने वेरिफिकेशन किया और कई लोगों से पूछताछ भी की। वहीं जम्मू पुलिस ने आतंकी गतिविधि में शामिल होने के आरोप में 19 साल के युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि वह पाकिस्तान समेत कई विदेशी नंबरों पर लगाता बात कर रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया कि वह ऑनलाइन कट्टरपंथी बना था और आतंकी हमले की योजना बना रहा था।

### राजस्थान के सांवलिया सेठ मंदिर के चढ़ावे के सभी तोड़ा रिकॉर्ड, पहली बार मिला 51 करोड़ का दान

**उदयपुर।** कृष्ण धाम श्री सांवलिया सेठ मंदिर के भंडार ने इस साल भक्तों की भारी श्रद्धा के चलते नया रिकॉर्ड बनाया। 19 नवंबर से शुरू हुई गिनती के छठे और अंतिम राउंड के बाद मंदिर को कुल 51,27,30,112 चढ़ावा प्राप्त हुआ। इसमें नकद, ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, सोना और चांदी सभी शामिल हैं। यह पहली बार है जब मंदिर का दान 51 करोड़ रुपए पार हुआ। इस बार नकद के साथ ऑनलाइन ट्रांजेक्शन से कुल 10,52,89,569 प्राप्त हुए। सोने-चांदी के तौर पर 1204 ग्राम सोना और 207.793 किलो चांदी मिली। इसमें भंडार से 86.200 किलो चांदी और 985 ग्राम सोना, भेंट कक्ष से 121.593 किलो चांदी और 219.400 ग्राम सोना शामिल है। मंदिर में गिनती के दौरान सुरक्षा और प्रशासन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।

## 22 दिन में 7 राज्यों में 25 बीएलओ की मौत

### मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा 9 लोगों की जान गई, यूपी-गुजरात में 4-4 मौतें

**नई दिल्ली/ भोपाल/ कोलकाता/ लखनऊ/ जयपुर।** देश के 12 राज्यों में 51 करोड़ से अधिक मतदाताओं के घर दस्तक दे रहे 5.32 लाख से अधिक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) पर काम के दबाव का आरोप लग रहा है। एसआईआर प्रोसेस के दौरान 22 दिनों में 7 राज्यों में 25 बीएलओ की मौत हो गई है।

वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने केवल पश्चिम बंगाल में 34 लोगों की मौत का दावा किया। इन मौतों पर बंगाल, एमपी, राजस्थान, यूपी में सियासत जोरों पर है। दूसरी ओर निर्वाचन आयोग जिला और राज्यों की रिपोर्ट के इंतजार में है। आयोग के सूत्रों का कहना है कि अब तक किसी काम के दबाव से किसी मौत की पुष्टि नहीं हुई



है। पश्चिम बंगाल के मंत्री अरुप बिस्वास ने कहा है कि एसआईआर के चलते राज्य में 34 लोगों ने जान दी। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि इसका उद्देश्य पीछे के दरवाजे से एनआरसी लागू करना और डर पैदा करना है। वहीं भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि टीएमसी के दबाव में फर्जी और संदिग्ध नाम जोड़े जा रहे हैं।



**नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी :** एसआईआर के नाम पर पिछड़े, दलित, वंचित, गरीब वोटरों को हटाकर भाजपा मनमाफिक वोटर लिस्ट तैयार कर रही है।



**सपा चीफ अखिलेश यादव :** भाजपा-आयोग 3 करोड़ नाम काटने की तैयारी में। मृतक बीएलओ के परिजन को 1-1 करोड़ दें। सपा 2-2 लाख रु. देगी।

### एक्सपर्ट बोले- आयोग ध्यान दे तो थोड़ी आसानी हो सकती है

पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओपी रावत ने कहा- आयोग ध्यान दे तो थोड़ी आसानी हो सकती है। जैसे, मध्य प्रदेश में बीएलओ को एप में कैप्चा भरना समस्या दे रहा था। उसे हटाने से काम आसान हो गया। बड़ी संख्या में फॉर्म अपलोड करने से सर्वर बैठ जाता है। ऐसे में फॉर्म अपलोड करने का काम रात में करके इसे ठीक किया गया।

टीचर्स पर स्कूलों में दिसंबर में कोर्स पूरा कराने का भी दबाव है। डेडलाइन सिर पर है। बीएलओ अपने स्तर पर समाधान निकाल रहे हैं, जबकि यह काम सिस्टम को करना चाहिए था।

## हैप्पी मॉर्निंग



लड़का- आई लव यू

लड़की- आई लव यू टू
लड़का- कितना प्यार करती हो तुम मुझसे?
लड़की- जितना तुम करते हो
लड़का- धत तेरी की, इसका मतलब तू भी टाइमपास ही कर रही है.....



## शायरी

वो ज़हर है फ़ज़ाओं में कि आदमी की बात क्या
हवा का सांस लेना भी मुहाल कर दिया गया

## अर्थसार



सेंसेक्स:
85,720.38
+110.88 (0.13%)
निफ्टी:
26,215.55
+10.25

## मौसम



अधिकतम : 24 डिग्री से0
न्यूनतम : 09 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 6 : 59
सूर्यास्त शुक्रवार : 5 : 25

## यूनिवर्सिटी बवाल

### प्रोफेसर के खिलाफ करियर बर्बाद करने की धमकी की शिकायत; आंदोलन में दोनों तरफ से एफआईआर

## यूनिवर्सिटी बवाल : वीआईटी स्टूडेंट्स पर रुपए लूटने का आरोप

भोपाल/सीहोर। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) के सीहोर स्थित कैंपस में 25 नवंबर की रात हुए बवाल के बाद यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट और छात्रों की ओर से पुलिस ने अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर ली है। छात्रों ने अपनी एफआईआर में कहा है कि प्रोफेसर प्रशांत कुमार पांडे ने उन्हें जान से मारने और भविष्य बर्बाद करने की धमकी दी। उसने छात्रों के साथ मारपीट की। इसका वीडियो सामने आया तो छात्रों ने विरोध किया। वहीं, वीआईटी मैनेजमेंट की ओर से दर्ज एफआईआर में 2 से 3 हजार अज्ञात छात्रों पर आरोप है कि उन्होंने हॉस्टल ब्लॉक में तोड़फोड़ की। कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। मैनेजमेंट ने अपनी शिकायत में ये भी आरोप लगाया है कि छात्रों ने बवाल के दौरान कॉलेज में फूड केटर्स के कैश लॉकर से नकदी भी लूट ली।

### कॉलेज मैनेजमेंट : 9 हॉस्टल में तोड़फोड़, 3 गाड़ियां जलाईं, लॉकर से रुपए निकाले

वीआईटी मैनेजमेंट की ओर से रजिस्ट्रार केके नायर ने पुलिस को दिए लिखित आवेदन में बताया है कि 25 नवंबर की रात को 2 से 3 हजार छात्रों ने वीआईटी की प्रॉपर्टी को भारी नुकसान पहुंचाया है। बस व कार तथा



यूनिवर्सिटी के परिसर में कई जगह आग व तोड़फोड़ की है। पुलिस ने बीएनएस के सेक्शन 190, 191(1) 324 (1) 326(जी) के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

इन धाराओं में गैरकानूनी तरीके से इकट्ठा होना, दंगा करना और खतरनाक हथियारों या साधनों से चोट पहुंचाना का जिक्र है।

इसके अलावा आग या विस्फोटक पदार्थ के उपयोग से इमारत को नष्ट करने का उल्लेख है।

### स्टूडेंट्स : प्रशांत पांडे ने छात्रों को गंदी गालियां दी, जान से मारने की धमकी दी

बीकॉम फर्स्ट ईयर के छात्र के हवाले से लिखी गई शिकायत में जिक्र है कि 25 नवंबर को रात करीब 11.30 बजे मैंने अपने मोबाइल पर सोशल मीडिया पर एक वीडियो देखा।

इस वीडियो में वीआईटी कॉलेज का वार्डन अपने 4-5 साथियों के साथ एक राय होकर वीआईटी के छात्रों के साथ मारपीट कर रहे थे।

मैंने एक अन्य छात्र से इस संबंध में पता किया तो पता चला कि कॉलेज के वार्डन और प्रोफेसर प्रशांत कुमार पांडे व उनके साथियों ने मिलकर वीआईटी के छात्रों को गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट की थी और पुलिस में शिकायत करने पर भविष्य बर्बाद करने व जान से मारने की धमकी भी दी थी।

पुलिस ने प्रशांत पांडे के खिलाफ बीएनएस की धाराओं 191(2) 190 296 ए 115 (2) 351(3) के तहत केस दर्ज किया है।

## कोलकाता में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

### एक युवती को निर्वस्त्र कर बनाया वीडियो; छह गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के समीप नरेंद्रपुर इलाके में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म, उसकी सहेली को निर्वस्त्र करने और मोबाइल में इस कृत्य को रिकॉर्ड करने के आरोप में छह युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह घटना 20 नवंबर की है और गिरफ्तारियां मंगलवार को हुईं।

अधिकारी ने कहा कि नरेंद्रपुर की रहने वाली आठवीं कक्षा की दो लड़कियां साथ में घूमने गई थीं, जहां उनकी मुलाकात कुछ युवकों से हुई, वे इन लड़कियों को जानते थे। युवकों ने उन्हें मोटरसाइकिल में बैठाया और एक गैराज तथा एक खाली घर समेत कई जगहों पर ले गए और इसके बाद उन्हें एक किराए के मकान में ले जाया गया।

अधिकारी ने बताया कि नाबालिगों में से एक से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया, जबकि दूसरी लड़की को निर्वस्त्र होने के लिए मजबूर किया गया और उसका वीडियो बनाया गया।

लड़कियों को कथित तौर पर धमकी दी गई कि अगर उन्होंने घटना के बारे में किसी को बताया तो वीडियो प्रसारित कर दिया जाएगा।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 28 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

## संपादकीय



# 'ईश्वर : आस्था का नाम, या सत्ता का सबसे पुराना औज़ार?'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

मनुष्य जब पहली बार बिजली की गर्जना से डरा, जब सूरज छिपा और भूचाल आया, विज्ञान नहीं था, तर्क नहीं था—तभी ईश्वर का जन्म हुआ।

धीरे-धीरे ईश्वर केवल कल्पना नहीं रहा, वह व्यवस्था बन गया।

प्रश्न आज भी वही है— क्या ईश्वर मनुष्य को चलाता है, या मनुष्य ईश्वर की अवधारणा चलाकर मनुष्य पर शासन करता है?

### प्राचीन दर्शन से लेकर आधुनिक क्रांति तक – ईश्वर पर सवाल ही सवाल

**सुकरात ने कहा :**
'ईश्वर केवल शोषण का नाम है।'

### शोषण का अर्थ?

जहाँ ईश्वर का डर हो—वहाँ सत्ता को न्याय नहीं देना पड़ता, उत्तर नहीं देना पड़ता। सवाल पूछने वाला नास्तिक घोषित कर दिया जाता है।

**कार्ल मार्क्स ने लिखा :**
'ईश्वर का जन्म ही गहरी साज़िश से हुआ है।'

### साज़िश किसकी?

भूखे को स्वर्ग की कहानी सुनाओ,
श्रमिक को पुनर्जन्म का डर दिखाओ —
और सत्ता सदियों तक सुरक्षित रहे।

### शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने चेतावनी दी

'जो नौजवान ईश्वरवादी है, वह क्रांतिकारी नहीं हो सकता।'
उनके लिए ईश्वर पर निर्भरता,
स्वतंत्र सोच का अंत थी।

### स्टीफन हॉकिंग ने विज्ञान के मापदंड पर चुनौती दी–

'एक बार ईश्वर सिद्ध कर दो, मैं अपना सर्वस्व दे दूँगा।'
भावना नहीं—सबूत।
यही विज्ञान और विश्वास की पहली सीमा है।

### बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने वास्तविक समाधान बताया–

'जिस दिन मंदिर की भीड़ स्कूलों की ओर जाएगी, भारत अपने आप बदल जाएगा।'
ईश्वर नहीं — शिक्षा राष्ट्र को उन्नत बनाती है।

### तथागत गौतम बुद्ध ने घोषित किया–

'इस ब्रह्मांड में कोई ईश्वर नहीं, केवल कर्म का नियम है।'
उन्होंने मोक्ष नहीं,
मनोविज्ञान और विवेक दिया।

### ओशो ने विचार को और नंगा किया–

'ईश्वर नहीं है। तुम अपने कर्मों के स्वयं जिम्मेदार हो।'
यानी ईश्वर नहीं, मनुष्य निर्णायक है।
और अब — सबसे आवश्यक नाम — इरोड़ रामासामी पेरियार
अगर कोई व्यक्ति ईश्वर, धर्म और ब्राह्मणवादी सत्ता पर सबसे साहसी हमला करता है
तो वह नाम है — पेरियार।
**उन्होंने कहा —**
'ईश्वर का विचार दासता है।
जब तक ईश्वर रहेगा, जनता सवाल नहीं करेगी।'
**पेरियार मानते थे —**
मंदिर समाज को जोड़ता नहीं,
जाति, दासता और शोषण को स्थायी बनाता है।

### उन्होंने प्रश्न पूछा–

'अगर ईश्वर न्यायी है तो अन्याय क्यों?'
'अगर अन्याय है तो ईश्वर क्यों?'
बुद्ध ने कहा ईश्वर नहीं है
पर पेरियार ने कहा —
ईश्वर में विश्वास ही मनुष्य की हार है।
उनके लिए ईश्वर का खंडन समाज की समानता का शिलान्यास था।
जहाँ भय है, वहाँ तर्क नहीं।
जहाँ तर्क नहीं — वहाँ स्वतंत्रता नहीं।
इसलिए पेरियार के बिना यह विमर्श अधूरा था — आपने सही कहा।

### अन्य विचारकों की तल्ख़ आग भी देखें

**नीत्शे :**
'ईश्वर मर चुका है — और हमने उसे मारा है।'
**बर्ट्रेंड रसेल :**
'यदि ईश्वर है तो वह इतना अक्षम क्यों?'
**डार्विन :**
'प्रकृति को समझने के लिए ईश्वर की आवश्यकता नहीं।'
**आइंस्टीन :**
'मुझे व्यक्ति-रूप ईश्वर पर विश्वास नहीं।
ब्रह्मांड गणित से चलता है, चमत्कार से नहीं।'

### अंतिम प्रश्न – जो इस बहस को जिंदा रखता है

ईश्वर है या नहीं —
यह सबसे छोटा प्रश्न है।
सच्चा प्रश्न यह है —
क्या मनुष्य अंधविश्वास और सत्ता के भय से मुक्त होकर
मनुष्य की तरह जी सकेगा?
क्या हमारे समाज में करीबियों की जगह किताबें मंदिरों की जगह स्कूल डर की जगह तर्क और अंधश्रद्धा की जगह वैज्ञानिक चेतना आएगी?
जिस दिन यह बदलाव होगा —
हम ईश्वर को नहीं, स्वयं को खोज लेंगे।

### निष्कर्ष

धर्म अगर मनुष्य को बड़ा बनाता है — वह पूजनीय है।
पर यदि धर्म मनुष्य को छोटा बनाता है —
तो प्रश्न उठाना पाप नहीं,
मनुष्य होने का अधिकार है।

ईश्वर का अस्तित्व साबित न हो, कोई फर्क नहीं।
पर यदि मनुष्य जाग गया —
तब दुनिया बदलने में देर नहीं।

# मुस्लिम वोट के लिए ममता का एसआईआर पर विरोध

योगेंद्र योगी



पश्चिम बंगाल के 294 सीट के लिए मार्च-अप्रैल 2026 को विधानसभा चुनाव होना है। यह चुनाव राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद अहम माना जा रहा है। इस चुनाव को राज्य की सत्ता पर दोबारा कब्जा जमाने की कोशिश कर रही सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी दलों के लिए एक निर्णायक युद्ध के रूप में देखा जा रहा है।

बिहार में राजद—कांग्रेस विपक्षी महागठबंधन की करारी शिकस्त के बाद पश्चिमी बंगाल में वर्ष 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चौसर बिछ गई है। इस चौसर पर तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो और पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोई भी दाव हाथ से नहीं देना चाहती हैं। यही वजह है कि ममता बनर्जी एसआइआर का जम कर विरोध कर रही है। इस विरोध की जड़ में छिपा हुआ है ममता का मुस्लिम वोट बैंक प्रेम। ममता एक तरफ अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाने का पुरजोर समर्थन करती रही हैं। ममता का प्रयास है कि भाजपा उत्तर भारत के राज्यों की तरह पश्चिम बंगाल में वोटों का ध्रुवीकरण नहीं कर पाए। इसलिए ममता मुस्लिम वोट बैंक के खिसके बगैर हिन्दू वोट बैंक को भी साधने की फिराक में है।

पश्चिम बंगाल के 294 सीट के लिए मार्च-अप्रैल 2026 को विधानसभा चुनाव होना है। यह चुनाव राजनीतिक दृष्टिकोण से बेहद अहम माना जा रहा है।

इस चुनाव को राज्य की सत्ता पर दोबारा कब्जा जमाने की कोशिश कर रही सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और विपक्षी दलों के लिए एक निर्णायक युद्ध के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी जहां लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही है, वहीं भाजपा, वाम दल और कांग्रेस भी नए गठबंधनों और रणनीतियों के साथ मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। यही वजह है कि ममता एसआइआर को विरोध का राजनीतिक हथियार बना लिया है। पश्चिम बंगाल समेत देश के 12 राज्यों में जब से वोटर लिस्ट के एसआईआर करने की प्रक्रिया शुरू हुई है। इसके बाद से पश्चिम बंगाल से अवैध रूप से बॉर्डर पार कर बांग्लादेश जाने वाले लोगों की तादाद बढ़ गई है।

दोनों देशों में अवैध रूप से सीमापार करके आने-जाने का यह सिलसिला पहले घुसपैठियों के अलावा अधिकतर तस्करों के बीच होता था।

लेकिन अब जिस तरह से भारत से बांग्लादेश जाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इसे घुसपैठियों का बांग्लादेश वापस लौटना माना जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल से लगते भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर हलचल तेज है।

इसमें कुछ लोग पश्चिम बंगाल से बांग्लादेश जाने की कोशिश कर रहे हैं। जिसमें कुछ कामयाब भी हो रहे हैं। हालांकि, बॉर्डर पर चौकस बीएसएफ को देखकर ऐसे लोग जंगलों में भाग जाते हैं।

लेकिन बीएसएफ की नजर में ऐसे कुछ मामले आ रहे हैं। जिनमें पश्चिम बंगाल में एसआईआर शुरू होने के बाद बांग्लादेश की तरफ जाने वालों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। बिहार के बाद चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल समेत देश के 12 राज्यों में एसआईआर शुरू करने की प्रक्रिया चार नवंबर से शुरू की थी। चार दिसंबर तक वोटरों को एनुमरेशन फार्म बांटे जाने और वापस लिए जाने हैं।

आयोग का कहना है कि अभी तक पश्चिम बंगाल के कुल सात करोड़ 66 लाख से अधिक मतदाताओं में से सात करोड़ 63 लाख से अधिक वोटरों को एनुमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं। यह काम 99 फीसदी पूरा कर लिया गया है।

अब भरे गए फार्म इकट्ठा करना शुरू किया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में भारतीय चुनाव आयोग के स्पेशल इंवेस्टिगेटिव रिवीजन का लगातार विरोध कर रही है।

इसी कड़ी में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नॉर्थ 24 परगना जिले के बनगांव में एसआईआर विरोधी रैली को संबोधित करेंगी।

ममता बनर्जी रैली के बाद बनगांव में एक विरोध मार्च में भी हिस्सा लेंगी। ये दूसरी एसआईआर विरोधी रैली और विरोध मार्च होगा जिसका नेतृत्व ममता करेंगी। पहली रैली 4 नवंबर को कोलकाता में हुई थी।

जब—जब पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक पर किसी तरह का संकट नजर आता है, ममता बनर्जी हमेशा उनके पक्ष में खड़ी नजर आती हैं।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा था कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को देखते हुए वह पड़ोसी देश से संकट में फंसे लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें आश्रय देंगी। बनर्जी ने शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का हवाला देते हुए कहा था कि पिछले कुछ दिनों में पड़ोसी देश में कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति के कारण संभावित मानवीय संकट उत्पन्न हो सकता है।

ममता बनर्जी के इस बयान पर बांग्लादेश की सरकार ने कड़ी आपत्ति जताई थी। बांग्लादेश ने इस मामले पर अपनी चिंता जताते हुए केंद्र सरकार को एक खत भेजा था।

बांग्लादेश के विदेश मंत्री हसन महमूद ने कहा था कि 'पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के प्रति पूरे सम्मान के साथ, जिनके साथ हमारे बहुत ही मधुर और घनिष्ठ संबंध हैं, हम यह साफ करना चाहते हैं कि उनकी टिप्पणियों में भ्रम पैदा करने की बहुत गुंजाइश है। इसलिए हमने भारत सरकार को एक खत भेजा है।

बांग्लादेशी ही नहीं बल्कि रोहिंग्या शरणार्थियों की भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खुल कर पैरवी की। ममता ने कहा था कि रोहिंग्या शरणार्थियों को वापस नहीं भेजना चाहिए। ममता ने रोहिंग्या शरणार्थियों को वापस भेजने का किया विरोध किया था।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर रोहिंग्या मुसलमानों को वापस भेजने के नाम पर परेशान करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि हर रोहिंग्या मुस्लिम आतंकी नहीं है।

उन्हें वापस नहीं भेजना चाहिए। ममता का ये बयान केंद्र द्वारा ये कहने के बाद आया था कि रोहिंग्या मुसलमान भारत की सुरक्षा के लिए खतरा हैं, उनके संपर्क आईएस और लश्कर ए तैयबा जैसे आतंकी संगठनों से हैं।

ममता ने कहा था, हम संयुक्त राष्ट्र के साथ हैं, जिसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रोहिंग्या लोगों की मदद की अपील की है। हम इसका समर्थन करते हैं।

एसआईआर के बाद पश्चिम बंगाल में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या शरणार्थियों में हडकंप मचा हुआ है।

वे पहचान उजागर होने के डर से सीमा की तरफ भाग रहे हैं। यही वजह है कि ममता बनर्जी एसआईआर का जमकर विरोध कर रही हैं। इसी तरह का विरोध कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दूसरे घटक दलों ने भी बिहार में किया था। इसके बावजूद उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। ममता को डर है कि यदि एसआइआर का विरोध नहीं किया और अवैध शरणार्थियों में भगदड़ जारी रही तो इसका वोट बैंक पर इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

यह पहला मौका नहीं है जब वोट बैंक की राजनीति के लिए राजनीतिक दल देश की एकता—अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों की पैरवी कर रहे हैं।

यह निश्चित है कि ऐसी हरकतों से बेशक चुनाव जीते जा सकते हो, किन्तु इसके दूरगामी परिणाम देश की बाहरी और आंतरिक सुरक्षा पर पड़ते हैं। बेहतर होगा कि नेता देश के बारे सोचे और ऐसे तत्वों पर कानूनी कार्रवाई की पहल करें, जिससे देश को किसी भी तरह का खतरा हो।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3723



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

### काकुरो - 3722 का हल



## लॉफिंग जौक्स

गीता (अपने प्रेमी से)- रमन देखो! सामने खिड़की में जो तोता-मैना बैठे हैं, दोनों रोजाना यहाँ आते हैं। साथ-साथ बैठते हैं, प्यार भरी मीठी-मीठी बाते? करते हैं और चहचहाते रहते हैं और एक हम हैं कि हमेशा लड़ाई-झगड़ा करते ही रहते हैं।

प्रेमी (प्रेमिका से)- हाँ सही है! लेकिन तुमने उनकी एक खास बात पर ध्यान नहीं दिया, देखो यहाँ बैठने वाले जोड़े में से रोजाना तोता तो वही होता है, पर मैना रोज नई-नई होती है।

□ □ □

एक बार एक कार्यस्थल पर तीन छोटे-छोटे बंदर उधम मचाते हुए अंदर घुस गए। उनके गले में तीन तख्तियाँ टंगी हुई थी, जिनमें लिखा हुआ था, बुरा देखो, बुरा सुनो और बुरा बोलो। वहाँ बैठे एडिटर साहब गाँधीजी के तीन वाक्यों का अनादर होते देख उबल पड़े और बोले- ये वाक्य उल्टे कैसे हो गए?

तभी एक शरारती बंदर बोला- आप जानते नहीं अब हम भी एडिटर हो गए है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3723



**बायें से दायें:-**

१. शाहिद कपूर, अमृता राव की फिल्म-३
३. शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी वाली पहली फिल्म कौन सी थी-२,२
६. सनी, प्रीति की 'तुझे देखा तो दिल मेरा डोल गया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'वो लड़की जो सबसे अलग है' गीत वाली फिल्म-४
९. शत्रुघ्न सिन्हा, शर्मिला की फिल्म-३
११. 'तू प्यार का सागर है तेरी' गीत वाली बलराज, नूतन की फिल्म-२
१२.अजय, जॉन, लारा, ईशा की फिल्म-२
१३. 'इससे पहले कि याद' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१६. भारतभूषण, नूतन की फिल्म-३
१९. फिल्म 'ईना मीना डीका' में जूही का नाम क्या है-२
२०. मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीतवाली फिल्म-३
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली फिल्म-२
२२. दिलीपकुमार, निम्मी की 'खेलो रंग हमारे संग' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'ऐ बादल झूम के चल' गीत वाली नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२५. सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली ऋतिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
२८. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दो परदेसी अनजाने' गीतवाली फिल्म-३
३०. 'अंखियां ये अंखियां' गीत वाली दिलीप कुमार, रेखा की फिल्म-२
३१. दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३३. अमिताभ-जीनत अमान की हिट फिल्म की शहरूख, प्रियंका स्टारर रीमेक-२
३४. 'ये दौलत भी लेलो' गीतवाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'लगे रहो मुन्ना भाई' में संजयदत्त के साथ नायिका कौन है-२,३
२. सैफ अली खान, काजोल की फिल्म-३
३. 'देखो देखो जानम' गीत वाली फिल्म-२
४. दिलीपकुमार, संजयदत्त, पद्मिनी की 'हाथों की चंद' गीत वाली फिल्म-३
५. अजय देवगन, आयशाटकिया की फिल्म-३
८. 'मेहंदी लाया साजन' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'इश्क पे मत इल्जाम लगाना' गीत वाली ऋषिकपूर, फरहा की फिल्म-३
१४. अजय देवगन अभिषेक, बिपाशा की 'तेरे संग एक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'विक्टोरिया नं. २०३' में प्राण का नाम-२
१६. देवानंद, मधुबाला की 'सावन के महीने में एक' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'रेशम जैसा रंग देखो' गीत वाली गोविंदा, सोनम की फिल्म-२
१८. राजेंद्रकुमार, कामिनी की फिल्म-३
२१. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानवी की फिल्म-२
२२. बॉबी, करिश्मा की 'तुम क्या जानो दिल करता' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'घातक' में सनी का नाम क्या था-२
२४. अजय देवगन, जूही चावला की 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'हम तो दिल से' गीत वाली फिल्म-२
२६. विनोद खन्ना, डिम्पल की फिल्म-३
२९. 'धीमी धीमी सी' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'ओ डार्लिंग ये है इंडिया' में 'मिस इंडिया' कौन बनी है-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3722



## सूडोकु -3723

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3722 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## शब्द पहेली - 3723



**बाएँ से दाएँ**

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**

2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली -3722 का हल



# ग्रेनो प्राधिकरण के सुपरवाइजर ने दिया इस्तीफा

## सीईओ को पत्र लिखकर बोले- कुछ लोग गलत काम का दबाव बना रहे

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्कल-8 में कार्यरत तकनीकी सुपरवाइजर दीपक सिंह ने राजनीतिक दबाव और मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा पत्र सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे प्राधिकरण में हड़कंप मचा है।

दीपक ने पत्र में लिखा है कि कुछ राजनीतिक और असामाजिक तत्व उन पर गलत कार्यों का दबाव बना रहे थे। इनकार करने पर उन्हें नौकरी से निकालने और घर में भैंस बांधने तक की धमकियां दी गईं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पिछले पांच दिनों से उन्हें प्राधिकरण के ही कुछ अधिकारी और कर्मचारी लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। मामले के बाद वरिष्ठ अधिकारी मौन हैं, जबकि सहकर्मियों ने पुष्टि की है कि पत्र दीपक



ने ही लिखा।

### बोले- गलत काम करने का दबाव बनाया

दीपक सिंह, जो एटा जिले के निवासी हैं, ने बताया कि वे हमेशा प्राधिकरण के हित में कार्य करते रहे, लेकिन गलत काम करने के लिए उन पर लगातार दबाव बनाया गया। कथित तौर पर स्वयं को विधायक प्रतिनिधि बताने वाला एक व्यक्ति फोन पर उन्हें धमकाता था।

दीपक के अनुसार, पांच दिनों से स्थिति असहनीय हो गई और कुछ अधिकारी-कर्मचारी भी प्रताड़ना में शामिल थे। सहकर्मियों का कहना है कि दीपक कई दिनों से मानसिक तनाव में थे और बार-बार धमकियों की शिकायत कर रहे थे।

सोशल मीडिया पर इस्तीफा वायरल होने के बाद प्राधिकरण में चर्चा तेज है। हालांकि, वरिष्ठ अधिकारियों ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। दीपक ने अपना फोन बंद कर लिया है और मीडिया से बात करने से इनकार किया है।

### पत्र में लगाया उत्पीड़न का आरोप

इस्तीफा पत्र में दीपक सिंह ने लिखा है कि वे प्राधिकरण के हित में ईमानदारी से कार्य करते रहे, लेकिन कुछ राजनीतिक और असामाजिक तत्व लगातार उन पर गलत काम करने का दबाव बना रहे थे।

गलत कार्य से इनकार करने पर उन्हें नौकरी से निकाल देने की धमकी दी गई और वर्क सर्कल के वॉट्सऐप ग्रुप में घर के अंदर भैंस बांधने तक की धमकी दी गई।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले पांच दिनों से उन्हें अत्यधिक मानसिक उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है, जिसमें प्राधिकरण के कुछ अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं।

लगातार बढ़ रही धमकियों और दबाव के कारण वे अपनी नौकरी जारी नहीं रख पा रहे हैं, इसलिए मजबूर होकर इस्तीफा दे रहे हैं।

पत्र में यह भी बताया गया कि फोन पर धमकी देने वाला व्यक्ति खुद को विधायक प्रतिनिधि बताकर दबाव डालता था।

# सपा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बनाई बीएलए टीम

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध नगर में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य तेजी से जारी है। इसी संबंध में गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के नेताओं ने एक बैठक की।

इस बैठक में सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि जानबूझकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) और विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं।

राजकुमार भाटी ने दादरी की नई आबादी में आयोजित एक अन्य बैठक में भी यही बात दोहराई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अल्पसंख्यक वोटों को निशाना बना रही है और जानबूझकर उनके नाम मतदाता सूची से हटा रही है। भाटी के अनुसार, जिन सेक्टरों में भाजपा के मतदाता हैं, वहां फर्जी वोट नहीं काटे जा रहे हैं, जबकि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में मतदाताओं के घरों तक फॉर्म भी नहीं पहुंचाए जा रहे हैं।

इन आरोपों के मद्देनजर, समाजवादी पार्टी ने अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के माध्यम से कार्य करने का निर्णय लिया है। सपा के 25 नेताओं की एक टीम मतदाता सूची के साथ घर-घर जाकर पुनरीक्षण कार्य का सत्यापन करेगी। विशेष रूप से मुस्लिम बहुल बूथों पर, पार्टी के एजेंट घर-घर जाकर यह जांचेंगे कि किन लोगों के फॉर्म अपलोड हुए हैं और किनके नहीं। वे मतदाता सूची संशोधन से संबंधित पूरा कार्य करेंगे और यदि किसी व्यक्ति ने फॉर्म नहीं भरा है, तो उसे भी भरवाने में मदद करेंगे।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा मेट्रो स्टेशन के पास गाड़ी में लगी आग

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन के पास बुधवार को रोड स्वीपिंग गाड़ी में अचानक आग लग गई। गाड़ी में कूड़ा होने के कारण काफी धुआं उठने लगा। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। कुछ देर के लिए इलाके में यातायात भी रोकना पड़ा। मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बाद में क्रेन की मदद से गाड़ी को साइड में कर दिया गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि रोड स्वीपिंग गाड़ी गोल्फ कोर्स मेट्रो स्टेशन के पास चल रही थी, तभी अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग लगते ही चालक ने तुरंत गाड़ी साइड में लगाई और बाहर आ गया। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल टीम मौके पर पहुंची। लगभग 20 मिनट में आग बुझा दी गई। आग से कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। यातायात दोबारा सुचारू कर दिया गया।

## ग्रेटर नोएडा में दुकान में लगी आग

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे के लंबा बाजार में बुधवार रात एक जूते के शोरूम में आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग को अन्य दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया। कस्बे के निवासी मुकेश मित्तल का लंबा बाजार में यह जूते का शोरूम है। बुधवार देर शाम वह रोज की तरह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। देर रात करीब 1 बजे उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि आग ने विकराल रूप ले लिया था, जिससे उनका लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जिसने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई। हालांकि, तब तक शोरूम का सारा सामान जल चुका था। पीड़ित मुकेश मित्तल के अनुसार, प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। दनकौर पुलिस ने बताया कि इस संबंध में अभी तक पीड़ित दुकानदार की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक माह में 13 हजार से अधिक वाहनों के चालान

**नोएडा।** नियमों का उल्लंघन कर सड़क पर वाहन चलाने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग के अधिकारियों की कार्रवाई सख्त होती जा रही है। जिलेभर में पिछले सात माह में बिना फिटनेस और नियमों का उल्लंघन कर रहे 13,653 वाहनों के चालान किए गए। वहीं, 2,256 वाहनों को जब्त किया गया और कुल 5.65 करोड़ रुपये का राजस्व वसूला गया। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, 18 अक्तूबर को ग्रेप-दो लागू हुआ था। इसके बाद लगातार प्रवर्तन की टीमों ने सख्ती से चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 1300 से ज्यादा वाहनों पर कार्रवाई की गई। उनमें 899 वाहनों का चालान किया गया और 401 वाहनों को जब्त किया गया। विभाग ने कुल 22.50 लाख रुपये का जुर्माना वसूला है। बता दें कि कई वाहन मालिक बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद अपनी पुरानी और बिना फिटनेस वाली गाड़ियों को सड़कों पर उतार रहे हैं। ऐसे वाहन सामान्य वाहनों की तुलना में ज्यादा धुआं छोड़ते हैं और सीधे शहर की हवा को जहरीला बनाते हैं। इसी वजह से विभाग द्वारा सख्त कदम उठाने पड़े।

## महिला ने मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप लगाया

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अम्रपाली गोल्फ होम्स सोसाइटी में रहने वाली दो महिलाओं ने एओए और लोगों पर अभद्र टिप्पणी, छेड़छाड़ और हमला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत डीसीपी से की है। महिला का आरोप है कि 17 दिन बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता ने बताया कि एओए के पदाधिकारी समेत कुछ लोग लगातार आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। विरोध करने पर 10 नवंबर को एक महिला समेत कुछ लोगों ने उन्हें घेरकर धक्का-मुक्की की और कपड़े खींचने की कोशिश की। पीड़िता के मुताबिक विवाद के दौरान उनकी वृद्ध माता भी मौजूद थीं, जिन्हें भीड़ ने धक्का देकर गिरा दिया। महिला ने आरोप लगाया कि सोसाइटी के अंदर कुछ लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। उन्होंने बताया कि 112 नंबर पर कॉल की, लेकिन पुलिस काफी देर बाद पहुंची। पीड़िता का कहना है कि उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। आरोप है कि शिकायत के बाद भी थाने में उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

## महिला पशु प्रेमी से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**दादरी।** सेक्टर ओमीक्रोन में रहने वाली महिला पशु प्रेमी से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट करने का आरोप प्राधिकरण के दस्ते में शामिल कर्मचारी पर लगा है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। ग्रेटर नोएडा के ओमीक्रोन में रहने वाली महिला कावेरी राणा सोशल एक्टिविस्ट हैं। सेक्टर में लोगों ने आवारा जानवरों की रोकथाम के लिए गेट लगा दिया था, जिसका महिला विरोध कर रही थी। महिला की शिकायत पर गुरुवार को प्राधिकरण की टीम जांच के लिए पहुंची थी। इस दौरान प्राधिकरण के दस्ते में शामिल एक कर्मचारी घटना की वीडियो बनाने लगा। शिकायतकर्ता महिला कावेरी राणा वीडियो का विरोध करने लगीं और महिला ने कर्मचारी को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने भी महिला के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में महिला के नाक से रक्त का रिसाव होने लगा। अब महिला ने ट्वीट कर नोएडा पुलिस से प्रकरण की शिकायत की है। एसीपी दादरी अजीत कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है।

## बिल्डर से 60 लाख ठगे

नोएडा। साइबर अपराधियों ने बिल्डर से ऑनलाइन स्टोर चेन में निवेश कराने के नाम पर 60 लाख रुपये ठग लिए। मुनाफे समेत पूरी रकम नहीं निकलने पर पीड़ित को ठगी का पता चला। पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-43 में रहने वाले मनोज ने पुलिस को बताया कि वह बिल्डर हैं। वह 20 अगस्त को फेसबुक से माही नाम की महिला ठग के संपर्क में आए। उसके बाद व्हाट्सऐप पर बात होने लगीं। ठग ने ऑनलाइन स्टोर से जुड़कर खुद कारोबार करने और 15-20 प्रतिशत तक लाभ होने की जानकारी दी। मनोज को भी अपनी गारंटी पर कारोबार करने के लिए तैयार कर लिया। मनोज ने ठग के कहने पर विश शॉप नाम के स्टोर पर एकमुश्त सामान खरीदना शुरू कर दिया। 24 घंटे में ही ऑनलाइन सामान बेच दिया। पहली ही डील पर मनोज को 20 प्रतिशत का लाभ हुआ।

# तीन दिन बाद फिर से नोएडा-ग्रेटर नोएडा का प्रदूषण बढ़ा

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में तीन दिन बाद प्रदूषण बढ़ गया। गुरुवार को नोएडा का एक्यूआई 391 और ग्रेटर नोएडा का 381 दर्ज किया गया। तीन हफ्ते से लगातार दोनों शहरों का एक्यूआई बेहद खराब और गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। एक दिन पहले यानी बुधवार के मुकाबले नोएडा का एक्यूआई 41 अंक बढ़ा। वहीं, ग्रेटर नोएडा के एक्यूआई में 59 अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जिले के चार स्थानों में पीएम 2.5 और 10 का अधिकतम स्तर 500 से अधिक दर्ज किया गया।

ज्यादातर स्थानों पर पीएम 2.5 का स्तर 10 से अधिक रहा। नवंबर में एक दिन भी नोएडा का एक्यूआई 200 से कम नहीं हुआ। ग्रेटर नोएडा में सिर्फ पांच नवंबर को एक्यूआई 200 से कम था। वायु प्रदूषण करने वालों पर तीन लाख का जुर्माना प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने प्रदूषण करने वालों पर तीन लाख का जुर्माना लगाया। छह लोगों पर 50-50 हजार का जुर्माना किया गया। सेक्टर-55 में पांच स्थान और सेक्टर-54 में एक स्थान पर ग्रैप-3 के नियमों का उल्लंघन मिला।

इन स्थानों पर भवन निर्माण, निर्माण सामग्री खुले में रखने सहित अन्य खामियां पाई गईं। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम प्रत्येक दिन अलग-अलग सेक्टरों में औचक निरीक्षण कर रही है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का एक हफ्ते का एक्यूआई नवंबर नोएडा, ग्रेटर नोएडा, 27, 391, 381, 26, 350, 322, 25, 373, 364, 24, 397, 382, 23, 418, 399, 22, 394, 364, 21, 394, 353, न्यूनतम तापमान नौ डिग्री रहा नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सुबह और शाम ठंड गढ़ गई है। दोनों शहरों का न्यूनतम तापमान गुरुवार को नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 26 डिग्री रहा।

## सेना के जवानों ने किया शहीद की बेटी का कन्यादान

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के डाबरा गांव में मंगलवार को शहीद सुरेश सिंह भाटी की बेटी की शादी हुई। पंजाब से सेना के 50 जवान इस समारोह में शामिल होने के लिए नोएडा आये थे। उन्होंने शहीद की बेटी का कन्यादान किया। फंक्शन की पूरी जिम्मेदारी संभाली। यह दृश्य देखकर शादी में आए लोग भावुक हो गए। मंगलवार को शहीद सुरेश भाटी की बेटी मुस्कान की शादी ग्रेटर नोएडा के कासना गांव निवासी पवन चपराना से हुई। शादी में शामिल होने के लिए सेना के जवानों को भी निमंत्रण भेजा गया था। जिसके बाद वह शादी में शामिल होने के लिए घर पहुंचे थे। उन्होंने शादी के दौरान पिता की सभी रस्में निभाई। जवानों ने शहीद सुरेश भाटी की बहादुरी के किस्से सुनाए और उनके बेटे हर्ष भाटी को भी अपने पिता के नक्शे कदम पर चलने के लिए प्रेरित किया। यह शादी आसपास के गांवों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# सांसद डॉ. महेश शर्मा को मातृ शोक

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी श्रद्धांजलि, सेक्टर-94 में हुआ अंतिम संस्कार

**नोएडा।** गुरुवार को गौतमबुद्ध नगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा की माता ललिता शर्मा (85 वर्ष) स्वर्गवास हो गया। पिछले लंबे समय से बीमार चल रहीं ललिता शर्मा को कुछ समय पहले अस्पताल में भी भर्ती कराया गया था, लेकिन चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद उनका सेहत सुधर नहीं सका। सेक्टर-15ए स्थित सांसद आवास में कई दिनों से उनकी देखभाल में पूरा परिवार जुटा हुआ था। 26-27 नवंबर की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही परिवार, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों में शोक की लहर फैल गई।

### सीएम योगी ने घर पहुंचकर जताया दुख

नोएडा दौरे पर आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जैसे ही निधन की जानकारी मिली, वे तुरंत



डॉ. महेश शर्मा के आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। सीएम योगी ने कहा कि ललिता शर्मा का जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें। स्वर्गीय ललिता शर्मा अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है उनके पति स्वर्गीय कैलाश चंद शर्मा का निधन कुछ वर्ष पूर्व ही हो चुका है।

बृहस्पतिवार की दोपहर में ललिता शर्मा का अंतिम संस्कार नोएडा के सेक्टर-94 में स्थित अंतिम निवास पर किया गया। ललिता शर्मा के बड़े पुत्र गौतम बुद्ध के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने अपनी माता की चिता में मुखाग्नि अर्पित की। इस दौरान नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत दिल्ली और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जगहों से आए जनप्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# निक्की हत्याकांड : चार्जशीट में बहन के बयान पर सवाल

## सीसीटीवी फुटेज-घटना टाइमिंग में अंतर, बेटा बोला-दादी, दादा और ताऊ कहां थे, मुझे नहीं पता

**नोएडा।** नोएडा की निक्की हत्याकांड में पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है।

इसमें तीन लोगों को मुख्य गवाह बनाया गया है। पुलिस ने निक्की की बहन कंचन, पति विपिन भाटी और निक्की के बेटे के बयानों के आधार पर यह चार्जशीट तैयार की है।

इसमें एक महत्वपूर्ण बात सामने आई है। चार्जशीट में दर्ज बयान और घटना के समय दिए गए बयानों में अंतर पाया गया है। इससे कई नए सवाल भी खड़े हो गए हैं।



आरोपी पति विपिन भाटी के साथ निक्की की फाइल तस्वीर।

### सिलसिलेवार से समझते हैं पूरा मामला...

पहला- कंचन के पहले बयान में घटना का समय शाम 5: 45 बजे बताया गया है, जबकि जलने का वीडियो शाम 5: 30 बजे का है।

घटना वाले दिन यानी 21 अगस्त 2025 को निक्की की बहन कंचन ने अपने प्रारंभिक बयान में बताया था- मैं निक्की के कमरे के ठीक नीचे अपने कमरे में थी।

समय करीब शाम के 5 बजकर 45 मिनट था। उस समय कमरे में निक्की और उसका पति विपिन मौजूद थे। दोनों के बीच आपसी झगड़ा हो रहा था, जिसकी आवाजें मुझे नीचे तक सुनाई दे रही थीं।

इसी दौरान उनकी सांस दया देवी निक्की के कमरे में गईं और जोर-जोर से चिल्लाने लगीं।

दया देवी ने विपिन से कहा कि यह दिन-रात मोबाइल फोन पर लगी रहती है। इसने परिवार में कलह करके जीना मुश्किल कर दिया है। जो थिनर की बोतल हमने तुमसे मंगवाई थी, आग लगाकर इसका काम तमाम कर दो।

अपनी बहन की चीख-पुकार सुनकर हिम्मत करके मैं कमरे से बाहर निकली। मैंने देखा कि निक्की 'बचाओ-बचाओ' चिल्लाते हुए सीढ़ियों से नीचे उतर रही थी। वह आग की लपटों में घिरी हुई थी। उसी समय मैंने घबराहट में अपना मोबाइल निकाला और एक छोटा-सा वीडियो बना लिया, जिसमें वह जलती हुई दिख रही है।

मैं तुरंत अपने किचन में भागी और कटोरी में पानी भरकर उस पर डालने लगी। मैंने फोन पर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इस दौरान मेरे पति रोहित, मेरा देवर, सास दया और ससुर सत्यवीर एक-एक करके घर से कहीं चले गए।

मेरी सास दया ने निक्की को आग लगाई। उस टाइम रोहित और वहीं पर मेरे ससुर सत्यवीर भी मौजूद थे, लेकिन किसी ने उसे बचाने की कोशिश नहीं की।

### क्या 15 मिनट पहले हुई घटना?

वहीं, पुलिस की चार्जशीट में दावा किया गया है कि जब कंचन ने निक्की का जलते हुए वीडियो बनाया, उसका टाइम शाम शाम 5 बजकर 30 मिनट दर्ज है।

यानी कंचन के शुरुआती बयान में बताए समय (5:45) से यह घटना करीब 2 से तीन मिनट पहले की बताई गई है। इस अंतर ने घटना की पूरी टाइमलाइन पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

निक्की का घर सिरसा-कासना मेन रोड पर है। घटना के समय रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई।

इसमें पाया गया कि घटना के दौरान निक्की की सास दया देवी घर पर मौजूद नहीं थीं। वह दूध लेने बाहर गई थीं।

निक्की का ससुर भी अपनी परचून की दुकान पर मौजूद था। वहीं जेठ रोहित की मोबाइल लोकेशन सियोरा टोल प्लाजा के पास मिली, जहां वह नौकरी करता है।

पुलिस ने 5: 00 से 5: 59 बजे तक की रिकॉर्डिंग देखी।

### सीसीटीवी फुटेज की समयवार जानकारी इस प्रकार है :

17: 30 बजे दया देवी डेरी से दूध लेने जाती सड़क पर दिखाई देती हैं।

17: 32 बजे वह वापस लौटती दिखाई देती हैं।

17: 39 से 17:45 बजे तक विपिन, दया और तीनों बच्चे सतवीर की दुकान पर मौजूद दिखते हैं।

17: 45 बजे विपिन और दया दुकान के अंदर भागते हुए दिखाई देते हैं।

17: 52 बजे निक्की को कार में ले जाते हुए देखा गया।

### जांच में सिर्फ पति विपिन की मौजूदगी साबित

लेकिन जांच में पता चला कि परिवार के कई लोग मिलकर निक्की और उसकी बहन कंचन को मानसिक तौर पर परेशान करते थे।

चार्जशीट में लिखा है कि कंचन ने अपनी तहरीर में कहा था कि उसकी आंखों के सामने विपिन और बाकी लोगों ने निक्की को आग लगाई। लेकिन पुलिस की जांच में यह बात साबित नहीं हुई।

पुलिस के मुताबिक घटना के समय घर में सिर्फ विपिन ही मौजूद था और उसी ने निक्की को आग लगाई। कंचन ने जो जला हुआ वीडियो दिया है, उसमें निक्की तो नीचे आती दिख रही है, लेकिन उसकी सास, ससुर और जेठ रोहित कहीं नजर नहीं आते।

## वड़ोदरा भेजने के नाम पर कार और रकम हड़पी

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में रहने वाले एक दंपति को गूगल से नंबर खोजकर कोरियर कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क करना भारी पड़ गया। जालसाजों के संपर्क में आए दंपति ने कार और 22 हजार 500 रुपये गंवा दिए। कार वड़ोदरा जानी थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-52 में रहने वाले विजय कुमार ने पुलिस को बताया कि पिछले दिनों पत्नी बीना देवी को कार को नोएडा से गुजरात के वड़ोदरा भेजना था। इसके लिए उन्होंने कोरियर कंपनी पैकर्स और मूवर्स के प्रतिनिधि से संपर्क किया। इसके लिए पत्नी ने गूगल के माध्यम से कंपनी के प्रतिनिधि का नंबर खोजा। शिकायतकर्ता का दावा है कि डीटीडीसी पैकर्स और मूवर्स कंपनी की तरफ से अजय शर्मा नामक व्यक्ति ने फोन पर संपर्क किया। कुल 6500 रुपये में गाड़ी ले जाना तय हुआ। 22 सितंबर की दोपहर उनके घर पर केशव नामक व्यक्ति आया और कार लेकर चला गया। अगले दिन 23 सितंबर को अजय शर्मा नामक व्यक्ति की वीडियो कॉल आई कि वह उनकी कार को लोड कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें रुपये भेज दें। शिकायतकर्ता की ओर से दो बार में नौ हजार रुपये भेज दिए।

# एयरपोर्ट में नौकरी के लिए साक्षात्कार होगा

### नियाल ने युवाओं को आमंत्रण पत्र भेजा दो दिसंबर को साइट ऑफिस में बुलाया

**नोएडा।** नोएडा एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले परिवार के बच्चों को एयरपोर्ट पर नौकरी मिलेगी। इसके लिए दो दिसंबर को साक्षात्कार होगा। आवेदन करने वाले युवाओं को आमंत्रण पत्र मिलने शुरू हो गए हैं। एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान एकमुश्त पांच लाख के मुआवजे के बजाए रोजगार का विकल्प चुनने वाले परिवारों के लिए खुशखबरी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) ने ऐसे परिवार के युवाओं को साक्षात्कार के लिए आमंत्रण पत्र भेजना शुरू कर दिया है। नियाल द्वारा भेजे गए आधिकारिक ई-मेल में स्पष्ट लिखा गया है कि साक्षात्कार के माध्यम से कन्सेशनायर पार्टनर्स उपयुक्त निजी नौकरियों के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। साक्षात्कार दो दिसंबर को जेवर एयरपोर्ट के साइट ऑफिस पर होगा। ऐसे में किसान परिवारों में खुशी का माहौल है। नौकरी का विकल्प 335 किसानों ने चुना नए अधिग्रहण कानून के तहत जमीन देने वाले किसान के परिवार को परियोजना में नौकरी देने का प्रावधान है। नौकरी नहीं लेने पर उसे पांच लाख रुपये मिलेंगे। दोनों में से एक विकल्प चुनने के लिए फॉर्म भरवाया जाता है। एयरपोर्ट के लिए पहले चरण में पांच हजार किसानों ने जमीन दी। इनमें से अधिकांश ने नौकरी की बजाय पांच लाख रुपये लिए। सिर्फ 335 किसान परिवारों ने ही नौकरी का विकल्प चुना। अधिकतर किसान को मुआवजे की रकम मिल चुकी है।

पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिए गए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के बच्चों को रोजगार देने के लिए पोर्टल बनाया गया था। इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं ने रोजगार के लिए आवेदन किए थे। इन्हें अब योग्यता के आधार पर स्थानीय और अन्य औद्योगिक इकाइयों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# ग्रेटर नोएडा के डायट में कला-संस्कृति महोत्सव सम्पन्न

## 100 प्रतिभागियों ने लगाई आकर्षक प्रदर्शनी, 12 को सम्मानित किया गया

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में दो दिवसीय कला, क्राफ्ट एवं संस्कृति महोत्सव-2025 का गुरुवार को समापन हो गया।

इस महोत्सव का उद्घाटन प्राचार्य एवं सहायक शिक्षा निदेशक अर्चना गुप्ता और मुख्य अतिथि प्रोफेसर गजनफर ज़ैदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया था। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र सिंह ने किया।

उद्घाटन सत्र के दौरान उप शिक्षा निदेशक राज सिंह यादव ने कला के



महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कला मानव जीवन का अभिन्न अंग है और व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यादव ने प्रतिभागियों को कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

महोत्सव में जिले के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के साथ-साथ डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भी भाग लिया।

उन्होंने विभिन्न प्रकार की पेंटिंग और कलाकृतियों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई, जिसकी उपस्थित दर्शकों ने सराहना की। इस प्रदर्शनी में लगभग 100 प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में शशिकांत तिवारी और डॉ. प्रतीक सागर शामिल थे, जिन्होंने सभी प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया।

दो दिवसीय इस कार्यक्रम के समापन पर, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 12 प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

# नई बस सेवा के शुभारंभ से जनता को मिलेगा लाभ : स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

## बस सेवा शुभारंभ : बरखेड़ा क्षेत्रवासियों को मिली बड़ी सौगात

**पीलीभीत।** गुरुवार को महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने ग्रामीण जनता की आवागमन सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण जनता सेवा के अंतर्गत संचालित उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की नई बस सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने नारियल फोड़कर एवं हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।



इस नई बस सेवा के शुरू होने से पीलीभीत-गजरौला-बरखेड़ा मार्ग पर यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं सुलभ यात्रा उपलब्ध होगी। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्र के लोग अब पहले की तुलना में किराए में बचत कर सकेंगे, जिससे उनके दैनिक आवागमन में आर्थिक राहत मिलेगी।लंबे समय से क्षेत्रवासियों की यह मांग थी कि बरखेड़ा क्षेत्र में परिवहन सुविधा को बढ़ाया जाए।

बस सेवा प्रारंभ होने पर लोगों में हर्ष देखा गया। मौके पर मौजूद सम्मानितजन, कार्यकर्तागण एवं ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और विधायक का आभार व्यक्त किया। नई बस सेवा से बरखेड़ा क्षेत्र के यात्रियों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

## लखनऊ में पुलिस से भिड़े कांग्रेसी

**लखनऊ।** लखनऊ में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस ने वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन के तहत जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसी प्रदेश कार्यालय से मार्च निकालते हुए चुनाव आयोग कार्यालय का घेराव करने बढ़े। वोट चोर गद्दी छोड़, आरएसएस की नई शाखा- चुनाव आयोग के नारे लगाए। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान कांग्रेसी पुलिस के बैरियर पर चढ़ गए। बैरियर पर खड़े होकर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यालय से करीब 100 दूरी तक ही कांग्रेसी जा पाए। पुलिस ने उन्हें रोक लिया। कांग्रेसियों और पुलिस में तीखी नोकझोंक हुई। उसके बाद पुलिस ने उन्हें घसीटकर गाड़ी में बैठाया। हिरासत में लेकर ईको गार्डन ले गई।

# अस्पताल के ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट, अफरा-तफरी मची

**बीसलपुर।** नगर के सरकारी अस्पताल में गुरुवार दोपहर ट्रांसफार्मर में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। तेज आवाज और चिंगारियां उठते ही अस्पताल में मौजूद मरीजों, तीमारदारों और स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई।

करीब 12 बजे ट्रांसफार्मर से जोरदार धमाका हुआ और चिंगारियां निकलने लगीं। देखते ही देखते आग भड़कने लगी। स्थिति बिगड़ती देख मरीजों को तुरंत वार्डों से बाहर निकाला गया। अस्पताल अधीक्षक आलमगीर समेत सभी डॉक्टर और स्टाफ मौके पर पहुंचकर बाहर की ओर निकल आए।घटना की सूचना बिजली विभाग को दी गई। सूचना पाकर विद्युत



विभाग की टीम तुरंत अस्पताल पहुंची और सप्लाई बंद कर आग को काबू में लिया।

आग बुझने के बाद स्थिति सामान्य हो सकी और मरीजों ने राहत की सांस ली।अस्पताल प्रशासन ने बताया कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। ट्रांसफार्मर की तकनीकी जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# एकतरफा प्यार में मौसेरे भाई ने सिर में मारी गोली

**कौशांबी।** कौशांबी में एक युवक ने एकतरफा प्यार में अपनी मौसी की बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। युवती घर में सुबह झाड़ू लगा रही थी। मौसेरा भाई आया, घर में घुसा और गोली मार दी। गोली मारने के बाद वह सीधे थाने पहुंचा।

तमंचा लेकर थाने पहुंचे युवक को देख कोतवाली में हड़कंप मच गया। उसने हत्या की बात बताई।

पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया।

वारदात गुरुवार सुबह की मंझनपुर सदर कोतवाली की है। युवक की पहचान ओसा गांव के रहने वाले अजीत मिश्रा के रूप में हुई है। दोनों के घर के बीच की दूरी लगभग 10 किमी है। वह अपनी मौसी की बेटी से एकतरफा प्यार करता था।

ऊनो गांव के राम मनोहर पांडे की बेटी दीपिका तिवारी (25) की शादी मई 2023 में लखनऊ के दुबग्गा चौराहे निवासी शिवम तिवारी से हुई थी।

दीपिका का डेढ़ साल का बेटा मृदुल मायके में ही पैदा हुआ था। इसी मनौती के चलते दीपिका 18 नवंबर 2025 को बेटे के साथ मायके आई थी। शुक्रवार को उसे वापस ससुराल लौटना था।

# अनियंत्रित कार गौहनिया तालाब में गिरी, दो मछुआरों ने बचाई चालक की जान

**पीलीभीत।** शहर के लिंक रोड पर गुरुवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सीधे गौहनिया तालाब में जा समाई। हादसे में कार तालाब के गहरे पानी में पूरी तरह डूब गई, लेकिन मौके पर मौजूद दो मछुआरों ने साहस दिखाते हुए कार चालक को बाहर निकालकर उसकी जान बचा ली।



बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजे कार लिंक रोड से टनकपुर हाईवे की ओर जा रही थी। कांशीराम बरातघर के निकट अचानक चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा।

तेज रफ्तार कार सीधे तालाब की ओर बढ़ी और कुछ ही क्षणों में पानी में गिरकर तेजी से डूबने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार सीधे तालाब के गहरे हिस्से में गई, जिससे चालक तुरंत बाहर नहीं निकल सका। तालाब में मछली पकड़ रहे दो लोगों ने बिना देर किए पानी में छलांग लगा दी। साथ में एक अन्य ग्रामीण भी उनके साथ उतरा। तीनों ने मिलकर तेज़ी से डूबती कार तक पहुंचकर चालक को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि चालक सीट बेल्ट में फंसा था, जिसे खोलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बहादुर ग्रामीणों के प्रयास से चालक की जान बच गई। इसके कुछ ही पलों बाद कार पूरी तरह तालाब में डूब गई।

घटना की जानकारी मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, इंस्पेक्टर नरेश त्यागी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और डूब चुकी कार के संबंध में जानकारी जुटाई। कार चालक को तत्काल जिला अस्पताल भेजकर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। कार के अनियंत्रित होने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से जानकारी हासिल की। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

प्रशासन ने कार को बाहर निकलवाने की प्रक्रिया भी शुरू करा दी है।अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक जांच में किसी तकनीकी खराबी या अचानक संतुलन बिगड़ने की आशंका सामने आ रही है।घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई।

बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने कहा कि तालाब के किनारे बैरिकेडिंग न होने के कारण ऐसे हादसों की आशंका बनी रहती है। कई लोगों ने तालाब के किनारे सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

# पंसड़ी हत्याकांड के आठों आरोपी गिरफ्तार, राइफल भी बरामद

**बीसलपुर।** पंसड़ी गांव में मंगलवार शाम हुई हत्या के मामले में पुलिस ने तेज कार्रवाई करते हुए सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। तीन आरोपी मानपुर चौराहे से और पांच आरोपी मनपुरा चौराहे से पकड़े गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध राइफल भी बरामद की है।पुरानी रंजिश को लेकर प्रदीप कुमार पुत्र सुरेश चंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में लापरवाही पर सख्ती दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक



यादव ने तत्कालीन थानाध्यक्ष दिगंबर सिंह, उपनिरीक्षक अभिषेक यादव व बीट आरक्षी अखिलेश यादव को निलंबित कर दिया। साथ ही कंबोज नगर चौकी प्रभारी गौतम सिंह को दियोरिया कोतवाली की कमान सौंपते हुए सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।नवागत थानाध्यक्ष गौतम सिंह के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में मुरारीलाल, मेवाराम, बादशाह, रामऔतार, अमन, शिवम, सूरजपाल और आशीष की मां सहित सभी आठ आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए। आरोपियों को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई प्रगति पर है।

## गरीब रथ के बगल में गिरा डंपर, बाल-बाल बचे यात्री

**बाराबंकी।** बाराबंकी में तेज रफ्तार डंपर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 25 फीट नीचे रेलवे ट्रैक पर गिर गया। हादसे के वक्त बगल के ट्रैक पर अमृतसर से बिहार जा रही गरीब रथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस गुजर रही थी। डंपर के साथ ही एक बड़ा पत्थर भी पुलिस से नीचे गिरा। पत्थर, बोगी जी 2 की छत पर गिरा। कोच पर पत्थर गिरने से खिड़ियों के शीशे टूट गए। बोगी की छत को काफी नुकसान हुआ। तेज आवाज से यात्री दहशत में आ गए। अफरा-तफरी मच गई। लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। उधर, बगल वाले ट्रैक पर पड़े डंपर के केबिन में ड्राइवर फंस गया। घंटों की मशक्कत के बाद जब उसे नहीं निकाला जा सका तो डंपर काटकर गोंडा निवासी ड्राइवर पंकज कुमार को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद रेलवे की टीम मौके पर पहुंची। मैकेनिकल टीम ने ल2 बोगी के टूटे शीशे को बदले। करीब छह घंटे तक रेल यातायात बाधित रही। इससे करीब 24 ट्रेनें प्रभावित हुईं। तड़के 3.30 बजे ट्रेन बिहार के लिए रवाना हुई।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई, 63 वाहनों के चालान

**ललितपुर।** यातायात पुलिस द्वारा नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिस में आम लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहो पर बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ड्रिंक × ड्राइव स्टटिग मोडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध चलाया सघन चैकिंग।पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहों तिराहों, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ड्रिंक × ड्राइव , स्टंटिंग,मोडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ चलाया गया। अभियान के दौरान कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए वाहन चालकों को मुख्य रूप से फाग लाइट और हाई बीम के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि फाग लाइट का उपयोग केवल तब करें जब दृश्यता 100 मीटर से कम हो, जैसे कि घना कोहरा, भारी बारिश या बर्फबारी, फॉग लाइट लो-बीम हेडलाइट्स के साथ काम करती हैं, न कि उनकी जगह पर। सामान्य मौसम में फॉग लाइट का उपयोग न करें, क्योंकि यह अन्य ड्राइवरों के लिए चकाचौंध पैदा कर सकती है, और दुर्घटना का कारण बन सकती है। प्रवर्तन की कार्यवाही के अंतर्गत 63 वाहनों का चालान किया गया व एक वाहन को सीज किया गया।

## आगरा में केमिकल गोदाम में धमाका

**आगरा।** आगरा के थाना सिकंदरा क्षेत्र के शास्त्रीपुरम इंडस्ट्रियल एरिया में गुरुवार सुबह केमिकल गोदाम में धमाका हो गया। धमाके के बाद अफरा तफरी मच गई। तीन लोग झुलस गए। सूचना पर पुलिस पहुंची। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शास्त्रीपुरम इंडस्ट्रियल एरिया साइट सी ई-115 में जैन ट्रेडिंग कंपनी के नाम से केमिकल का गोदाम हैं। सुबह करीब 10 बजे गोदाम में केमिकल के ड्रम उतर रहे थे। तभी अचानक से धमाका हो गया। वहां काम करने वाले मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए। केमिकल से मजदूर झुलस गए। बताया गया है कि धमाका केमिकल मिलाने से हुआ। एक ड्रम से दूसरे ड्रम में केमिकल मिलाया जा रहा था।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं महिलाओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स1090 - वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला



हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें ।

अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें ।कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें ।

# बानपुर में यूपी-112 ने चलाया सुरक्षा जागरूकता अभियान

## दो प्रमुख स्थानों पर लोगों को दी गई आपातकालीन सेवाओं की जानकारी

**ललितपुर।** बानपुर में यूपी-112 का अभियान- छात्रों और ग्रामीणों को मिली सुरक्षा जागरूकता, विन्द्रानन्द बडोनिया महाविद्यालय, बानपुर चौराहा और बानपुर तिराहा बने केंद्र । नुक्कड़ नाटक और एलईडी प्रस्तुति के माध्यम से जनता को डायल- 112 की जानकारी देकर , उसके कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया ।जनता को यह भरोसा दिलाने के लिए कि आपात स्थिति में मदद बस एक कॉल की दूरी पर है, उत्तर प्रदेश पुलिस की आपात सेवा यूपी-112 व जनपद ललितपुर की डायल-112 टीम द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 27.11.2025 को ललितपुर में 'जन-जागरूकता की बात, जन-जन के साथ' अभियान चलाया गया । उच्चाधिकारियो के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो0



मुश्ताक द्वारा चलाए गए इस कार्यक्रम को लोगों का समर्थन मिला और हर वर्ग ने डायल- 112 को अपनी सबसे विश्वसनीय आपात सेवा बताया ।इस अभियान में कॉलेज और प्रमुख मार्गों पर लोगों से सीधा संवाद किया गया। रविन्द्रानन्द बडोनिया, महाविद्यालय, किसरदा, महरौनी अभियान की शुरुआत रविन्द्रानन्द बडोनिया महाविद्यालय, किसरदा, महरौनी से हुई ।यहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। टीम ने नाटक, पोस्टरों और लाइव डेमो के माध्यम से बताया कि 112 कैसे तुरंत सहायता पहुंचाने में मदद करता है।

विद्यार्थियों ने जाना कि छेड़छाड़, सड़क दुर्घटना, मेडिकल इमरजेंसी, आग या किसी भी संकट में एक कॉल ही सुरक्षा का सबसे तेज माध्यम है। कई छात्रों ने मौके पर '112 इंडिया ऐप' इंस्टॉल किया और इसके फीचर्स समझे।

बानपुर चौराहे पर लोगों से संवाद अभियान का दूसरा कार्यक्रम भानपुर चौराहा, महरौनी में आयोजित किया गया, जहां यूपी-112 टीम ने दुकानदारों, राहगीरों, महिलाओं और युवाओं से सीधे संवाद किया। टीम ने एलईडी वैन पर दिखाए गए वीडियो ने लोगों को समझाया कि आपातकालीन स्थिति में सहायता कितनी तेजी से पहुंचती है। टीम ने नाइट एस्कॉर्ट सेवा और सवेरा योजना की भी जानकारी दी, जो खासकर महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करती है।

# साइबर ठगी करने वाले दो शातिरों पर लगाया गैंगस्टर एक्ट

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने लोगों को झांसा देकर साइबर ठगी को अंजाम देने वाले दो शातिरों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियो के नियंत्रण के लिये साइबर अपराध से सम्बन्धित अभियुक्तगण के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही करते हुये कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 1368/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट बनाम 1- गैंगलीडर अखिल पुत्र कुलदीप उम्र करीब 27 वर्ष निवासी म0न0 588 हुड्डा सेक्टर 13 भिवानी थाना भिवानी हरियाणा 2- जेलदार पुत्र साधूराम उम्र करीब 31 वर्ष निवासी प्लाट न0-12ए, पवनपुरी ईस्ट, चारण नदी का फाटक, झोतवारा जयपुर, राजस्थान के विरुद्ध पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गैंगलीडर अखिल उपरोक्त स्वयं व अपने सदस्य जेलदार के साथ मिलकर भौतिक व आर्थिक लाभ व दुनयावी लाभ प्राप्त करने व लोक व्यवस्था भंग करने के उद्देश्य से अनुचित रूप से साइबर अपराध कर, लोगो के पैसे फर्जी तरीके से बात करके अपने फर्जी खातो में मंगाकर निकाल लेने जैसे- जघन्य अपराध कारित करने के अभ्यस्त अपराधी है, जिससे जनता के व्यक्तियों में डर व भय का माहौल व्याप्त है। अभियुक्तगण गैंगलीडर अखिल उपरोक्त व सक्रिय सदस्य जेलदार के विरूद्ध थाना कोतवाली, ललितपुर पर मु0अ0स0 1368/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# शार्ट न्यूज

## निकाह का झांसा देकर चार साल तक दुष्कर्म

**बीसलपुर।** निकाह का झांसा देकर युवती से चार साल तक दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीसलपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि मोहल्ला हबीबुल्ला खां जनूबी निवासी सीबू पुत्र सलमानी पिछले चार वर्षों से निकाह का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। अब आरोपी निकाह करने से इंकार कर रहा है। महिला ने कार्रवाई की मांग करते हुए निकाह करने या फिर सख्त कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सीबू पुत्र सलमानी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बेवा के घर में घुसा युवक, गलत नीयत का आरोप; पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बीसलपुर। दो बच्चों के साथ रह रही एक बेवा ने घर में घुसकर गलत नीयत से गाली-गलौज करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने तहरीर में बताया कि उसके पति का पांच वर्ष पूर्व निधन हो चुका है और वह अपने दो छोटे बच्चों के साथ घर पर रहती है। 26 नवंबर की रात करीब दस बजे चौसरा निवासी जाहिद अली पुत्र अय्यूब बख्श नशे की हालत में उसके घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा।महिला ने तत्काल पीआरवीङ्क112 पर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से भाग गया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी जाहिद अली के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जंगली जानवर के हमले में ग्रामीण गंभीर

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र पूरनपुर के गजरौला खास गांव में गुरुवार दोपहर एक ग्रामीण पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। हमले में राजा राम नामक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी स्थिति स्थिर बताई है। घटना दोपहर 12 से 1 बजे के बीच की है। राजा राम मनरेगा के तहत खेत में काम करके घर लौट रहे थे। रास्ते में शौच करने के लिए वे पास के गन्ने के खेत में गए। तभी गन्ने के बीच छिपे जंगली जानवर ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले में राजा राम को कई गंभीर चोटें आईं। उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें सुरक्षित बाहर निकालकर परिजनों को सूचना दी।ग्रामीणों का कहना है कि हमला बाघ द्वारा किए जाने की आशंका है, जिससे गांव में दहशत फैल गई है। इसी बीच वन विभाग को घटना की जानकारी दी गई। टाइगर रिजर्व की डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। पंजों के निशान और हमले के तरीके से जंगली जानवर की पहचान की जाएगी। ग्रामीणों ने क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग की है।

## सफारी 20 फीट गहरी खाई में गिरी, 3 की मौत

**जौनपुर।** जौनपुर में बारातियों से भरी सफारी कार 20 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हैं। कार सवार वाराणसी से धर्मापुर शादी में शामिल होने जा रहे थे। मुफ्तीगंज बाजार के पास मोड़ पर कार बेकाबू हो गई। ड्राइवर ने कार को कंट्रोल करने के लिए ब्रेक तो मारी, लेकिन वह संभाल नहीं पाया। सफारी, हाईवे से सीधे खाई में जा गिरी। कार गिरते ही चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर राहगीर दौड़े। लोग कार में फंसे थे, मदद को चिल्ला रहे थे। कार के दरवाजे ऑटोमैटिकली लॉक हो गए थे। शीशे तोड़कर सबको बाहर निकाला गया। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। सभी लोगों को मुफ्तीगंज सीएचसी पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टर्स ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गुरुवार को तीनों घायलों की हालत बिगड़ने पर वाराणसी रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान वाराणसी कैंट के बबलू (45), श्यामलाल (35) और राजू सोनकर (45) के रूप में हुई है। सभी दूल्हे के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

## लिव-इन में रह रही महिला की बेटी संग रेप

**कानपुर।** जाजमऊ में एक महिला ने लिव इन में रह रहे प्रेमी पर 13 साल की बेटी से रेप करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है प्रेमी एक साल तक बेटी से रेप की वारदात को अंजाम देता रहा, विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। जानकारी पर पीड़िता की मां ने पुलिस से शिकायत की। मूलरूप से दिल्ली पश्चिमी नजबगढ़ पियाऊ धांसा मार्ग गोपाल नगर में रहने वाली महिला के मुताबिक करीब 15 साल पहले उसकी शादी विकास से हुई थी। दोनों के एक बेटा व एक बेटी है। 8 साल पहले पति ने छोड़ दिया था। बेटा पति ले गया , जबकि बेटी को लेकर जाजमऊ के जखई बाबा मोहल्ले में आकर किराए पर कमरा लेकर रहने लगी। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण के दौरान भेलपूरी का ठेला लगाने वाले अजीत नाम के युवक से मुलाकात हुई। कुछ दिन बातचीत के बाद उसके साथ लिव इन में रहने लगी। आरोप है कि जब वह काम पर जाती थी तो प्रेमी उसकी 13 साल की बेटी से शारीरिक संबंध बनाता। आरोप है कि आरोपी एक साल तक बेटी के साथ रेप की वारदात को अंजाम देता रहा। डरी-सहमी बेटी की आपबीती सुन पीड़िता ने थाने में शिकायत की।

## जज की वकील भतीजी की दहेज के लिए हत्या

**बरेली।** बरेली में दहेज के लिए महिला वकील की हत्या कर दी। एक प्राइवेट अस्पताल में महिला की लाश कार में पड़ी थी। ससुराल वाले लाश छोड़कर भाग रहे थे, तभी वहां मौजूद लोगों ने उनको पकड़ लिया और पिटाई कर दी। डॉक्टर ने मायके वालों को फोन करके मौत की सूचना दी। वह बरेली एडीजे असगर अली की भतीजी थी। अभी 9 महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। परिजनों का आरोप है कि ऑटोमैटिक कार को लेकर ससुरालवालों ने गला दबाकर उसे मार दिया। जांच में पता चला उसके गले पर दबाव के गहरे निशान थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने कार और ससुराल में जांच पड़ताल की। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बारादरी थाने के शहजवानी टोला निवासी डॉ. हाशिम अंसारी अपना क्लिनिक चलाते हैं। उनकी वकील बेटी महजबीन की शादी 27 फरवरी 2025 को प्रेमनगर थाना क्षेत्र के शाहाबाद निवासी डॉक्टर तलहा से हुई थी। तलहा रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। महजबीन एलएलबी की पढ़ाई करने के साथ ही कोर्ट में प्रैक्टिस करती थी। लड़की के एक चाचा असगर अली बरेली कोर्ट में एडीजे हैं, जबकि दूसरे चाचा अच्छन अंसारी आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष हैं।

## धान न तौलने पर किसान ने जहर खाया

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में किसान ने धान न तौलने पर सेंटर पर ही जहर खा लिया। इससे पहले किसान और सेंटर इंचार्ज के बीच बहस हुई थी। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें किसान बोल रहा है- कितनी बार ये ट्राली इस सेंटर से वापस की गई है। मेरा धान आखिर कब तौला जाएगा। पीड़ित के भाई के मुताबिक, कर्मचारी और बिचौलिए ने कहा- आग लगा लो या जहर खा लो, तुम्हारा धान नहीं तौला जाएगा। भाई ने थाने में शिकायत देकर सेंटर पर दो हजार क्विंटल धान की फर्जी खरीद का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला बिछौली धान खरीद सेंटर का है। निगोही थाना क्षेत्र के ढकिया तिवारी गांव के रहने वाले विजेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया- उनके भाई प्रवेश सिंह बिछौली क्रय केंद्र पर 3 से चार बार ट्राली में धान लेकर जा चुके हैं। लेकिन धान नहीं तौला गया। गुरुवार को भी प्रवेश धान लेकर सेंटर पर पहुंचे थे। वहां एक बिचौलिया खड़ा था। जब प्रवेश ने धान तौलने के लिए कहा तो वो लोग गाली-गलौज करने लगे। सेंटर पर मौजूद कर्मचारी और बिचौलिए ने कहा- तुम्हारा धान नहीं तौला जाएगा। चाहे तुम आग लगाओ या फिर जहर खा लो। धान नहीं तौलने के कारण प्रवेश ने परेशान होकर जहर खा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मानवाधिकार समूहों ने की ट्रंप प्रशासन की आलोचना

**बैंकॉक, एजेंसी।** मानवाधिकार समूहों ने ट्रंप प्रशासन के म्यांमार के नागरिकों के लिए निर्वासन से अस्थायी सुरक्षा समाप्त करने के फैसले की आलोचना की है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम ने सोमवार को घोषणा करते हुए कहा कि म्यांमार में शासन और स्थिरता में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि सैन्य सरकार मुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने की तैयारी कर रही है तथा सफल युद्धविराम समझौते हुए हैं। इस आधार पर उन्होंने दावा किया कि नागरिकों के लिए अपने देश लौटना सुरक्षित है। हालांकि, सैन्य प्रमुख मिन आंग हलाइंग ने 2021 में आंग सान सू ची की लोकतांत्रिक सरकार को अपदस्थ किया था और सू ची अभी जेल में हैं।

### अफगानों की वापसी से आर्थिक संकट की चेतावनी

**काबुल, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने अफगान लोगों, विशेष रूप से निर्वासित प्रवासियों की आर्थिक संकट पर एक नई रिपोर्ट में चिंता जताई, पड़ोसी देशों से 23 लाख अफगान प्रवासियों की वापसी ने अफगानिस्तान पुनर्निर्माण प्रक्रिया को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। स्पष्ट है कि हमें ऐसे समाधानों की जरूरत है जो सहयोगात्मक, क्षेत्र-आधारित और समुदायों में निहित हों।

### नाइजीरिया : केब्बी से किडनैप की गई सभी 24 स्कूली लड़कियों को बचाया

**अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के केब्बी राज्य में सोमवार (17 नवंबर) तड़के हथियारबंद हमलावरों ने गर्ल्स स्कूल पर हमला कर उप-प्रधानाचार्य की हत्या कर दी और 24 छात्राओं का अपहरण कर लिया। जिसके बाद अब नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने मंगलवार (25 नवंबर) को बताया कि स्कूल से हथियारबंद हमलावरों ने जिन 24 स्कूली लड़कियों को किडनैप किया था, उन सभी को बचा लिया गया है। लड़कियों को 17 नवंबर को किडनैप किया गया था, और उस समय पुलिस ने कहा था कि 25 को ले जाया गया है, लेकिन मंगलवार को एक बयान में राष्ट्रपति के हवाले से कहा गया कि किडनैप की गई सभी 24 लड़कियों को बचा लिया गया है। हालांकि बचाव अभियान के बारे में कोई अधिक जानकारी साझा नहीं की गई। बता दें कि केब्बी में हुआ हमला नाइजीरिया में हाल ही में हुए बड़े पैमाने पर किडनैपिंग के मामलों में से एक था।

### पेरिस : लूव्र म्यूजियम में चोरी के मामले में 4 और आरोपी गिरफ्तार

**पेरिस , एजेंसी।** पेरिस के अभियोजक ने मंगलवार को चार और गिरफ्तारियों की जानकारी की है। यह गिरफ्तारी अक्टूबर में लूव्र म्यूजियम में हुई उस चौंकाने वाली चोरी के सिलसिले में हुई है, जिसमें एक गैंग ने 10.2 करोड़ डॉलर के गहने चोरी किए थे। पड़ताल को लीड कर रही अभियोजक लॉरे बेकुओ ने कहा कि हिरासत में लिए गए दो पुरुष और दो महिलाएं पेरिस इलाके के हैं और उनकी उम्र 31 से 40 साल के बीच है। उनके बयान में यह नहीं बताया गया कि 19 अक्टूबर की चोरी में उन पर क्या भूमिका होने का शक है। पुलिस उनसे 96 घंटे तक पूछताछ कर सकती है। फ्रेंच मीडिया की रिपोर्ट है कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक, 39 साल का आदमी जिसे पुलिस सर्विस पहले से जानती है, माना जा रहा है कि वह उस टीम का चौथा सदस्य है जिसने दिनदहाड़े इस बड़ी लूट को अंजाम दिया और वह ऑबरविलियर्स का रहने वाला है, जो पेरिस के उत्तर में एक सबअर्ब है, जिससे दूसरे संदिग्धों के कनेक्शन हैं।

### सीरिया : हजारों अलावी लोगों ने सरकार के भेदभाव के खिलाफ प्रदर्शन किया

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया में अल्पसंख्यक अलावी समुदाय के हजारों लोगों ने मंगलवार को देश के मध्य और तटीय इलाकों में सरकार द्वारा कथित भेदभाव के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों की गोलीबारी में एक व्यक्ति के घायल होने की जानकारी विपक्षी निगरानी समूह ने दी, जबकि सरकारी मीडिया का कहना है कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों की रक्षा की। मंगलवार का प्रदर्शन लताकिया, टार्टस और केंद्रीय शहर होम्स सहित 42 स्थानों पर हुआ। यह विरोध उस घटना के बाद शुरू हुआ, जिसमें एक बेदुईन दंपति की हत्या के बाद होम्स में बेदुईन समुदाय के लोगों ने अलावी बहुल इलाके पर हमला कर दिया था। यह विरोध ऐसे समय में हुआ है, जब पिछले साल दिसंबर में राष्ट्रपति बशर अल-असद को इस्लामी समूह 'हयात तहरीर अल-शाम' के नेतृत्व वाले विद्रोहियों द्वारा सत्ता से हटाए जाने के बाद देश में कई बार सांप्रदायिक झड़पें हो चुकी हैं। असद, जो स्वयं अलावी समुदाय से हैं, रूस भाग गए थे।

# कौन होगा संयुक्त राष्ट्र का नया प्रमुख? कई बड़े नाम हैं दावेदार

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का दूसरा पांच साल का कार्यकाल अगले साल समाप्त हो रहा है। जिसके बाद नए महासचिव को चुनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में संयुक्त राष्ट्र महासचिव का पद बेहद अहम होता है। ऐसे में कई बड़े नाम इस पद की रेस में शामिल हैं। तो आइए जानते हैं कि कैसे संयुक्त राष्ट्र महासचिव का चुनाव होता है और इसका क्या पूरी प्रक्रिया होती है?



**कब शुरू होगी प्रक्रिया :** संयुक्त राष्ट्र महासचिव के चुनाव की प्रक्रिया औपचारिक रूप से मंगलवार से शुरू हो गई है। मंगलवार को 15 सदस्यों वाली संयुक्त सुरक्षा परिषद और 193 देशों की महासभा के अध्यक्ष ने एक संयुक्त पत्र जारी किया है। जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों देशों से अगले महासचिव के लिए नाम मांगे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद का उम्मीदवार संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश का होना चाहिए। आमतौर पर यह पद क्षेत्रवार बदलता रहता है। मतलब मौजूदा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस साल 2016 में चुने गए थे और वे पुर्तगाल यानी पूर्वी यूरोप के उम्मीदवार थे। अब यह पद किसी लैटिन अमेरिकी नेता को दिया जा सकता है। हालांकि कुछ राजनयिक अन्य क्षेत्रों से भी उम्मीदवारों के नाम दे सकते हैं।

**क्या है चुनाव की प्रक्रिया :** नए महासचिव की चुनाव प्रक्रिया कई महीनों तक चलेगी, जिसमें कई राउंड की वोटिंग होगी। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अगले साल के आखिर में 10वें संयुक्त राष्ट्र महासचिव के चुनाव के लिए 193 सदस्यों वाली महासभा को आधिकारिक तौर पर एक उम्मीदवार के नाम की सिफारिश करेगी। सुरक्षा परिषद एक गुप्त मतदान करेगी, जिसे स्ट्रॉ पोल कहा जाता है। स्ट्रॉ पोल में हर उम्मीदवार के लिए काउंसिल मेंबर को ये विकल्प दिए जाते हैं: प्रेरित करना, हतोत्साहित करना या कोई राय नहीं। आखिर में, सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों- अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन और फ्रांस - को एक उम्मीदवार के नाम पर सहमत होना होगा। सुरक्षा परिषद में स्ट्रॉ पोल में स्थायी सदस्य देशों के लिए के लिए और 10 चुने हुए सदस्यों के लिए अलग-अलग रंग के मतपत्र होते हैं। साल 2016 में जब गुटेरेस का चुनाव किया गया था तो सुरक्षा परिषद को सहमति पर पहुंचने के लिए छह बार स्ट्रॉ पोल कराया गया था। स्टॉ पोल के बाद सुरक्षा परिषद बंद दरवाजे के पीछे एक प्रस्ताव पास कर नए महासचिव के नाम पर मुहर लगाती है। प्रस्ताव को पारित होने के लिए पक्ष में नौ वोट और किसी वीटो की जरूरत नहीं होती। कौन बन सकता है अगला यूएन महासचिव

संयुक्त राष्ट्र महासचिव बनने की रेस में कई बड़े नाम शामिल हैं। हालांकि कुछ नामों की चर्चा सबसे ज्यादा है, जो निम्न हैं- मिशेल बैचलेट-चिली: लैटिन अमेरिकी देश चिली की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बैचलेट का नाम प्रस्तावित किया जाएगा। चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिस ने हाल ही में अपने एक बयान में कहा कि बैचलेट चिली की पहली महिला राष्ट्रपति थीं और वे दक्षिण अमेरिकी देशों के अध्यक्ष पद पर भी रह चुकी हैं। बैचलेट साल 2018-2022 के बीच संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार उच्चायुक्त और उससे पहले यूएन वुमन की कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। रेबेका ग्रिनस्पान-कोस्टा रिका: कोस्टा रिका की तरफ से पूर्व उपराष्ट्रपति रेबेका ग्रिनस्पान के नाम को प्रस्तावित किया जा सकता है। राष्ट्रपति रोड्रिगो शावेज ने इसकी जानकारी दी। 69 वर्षीय ग्रिनस्पैन अभी संयुक्त राष्ट्र कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट के महासचिव पद पर सेवाएं दे रहे हैं। राफेल ग्रोसी-अर्जेंटीना: अर्जेंटीना की तरफ से राफेल ग्रोसी का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है। ग्रोसी, अर्जेंटीना के पूर्व राजनयिक हैं और फिलहाल इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी के महानिदेशक पद पर हैं।

## रिपोर्ट का दावा- काश पटेल को एफबीआई निदेशक पद से हटाएंगे ट्रंप, व्हाइट हाउस ने किया खारिज



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** एक रिपोर्ट के हवाले से दावा किया जा रहा है कि एफबीआई निदेशक के रूप में काश पटेल का भविष्य सवालों के घेरे में है। रिपोर्ट में इस मामले से परिचित तीन लोगों के हवाले से बताया गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आगामी महीनों में उन्हें हटाने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, व्हाइट हाउस की ओर से इस रिपोर्ट को तुरंत खारिज कर दिया गया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने एक्स पर लिखा कि यह खबर पूरी तरह से मनगढ़ंत है। उन्होंने कहा कि जब यह शीर्षक प्रकाशित हुआ, तब वह ओवल ऑफिस में थीं, जहां ट्रंप पटेल और उनकी कानून प्रवर्तन टीम के साथ बैठक कर रहे थे।

एक रिपोर्ट में कहा गया कि ट्रंप अपने वरिष्ठ सहयोगी पटेल के बारे में नकारात्मक सुर्खियों की लहर से परेशान हो गए हैं और उन्हें हटाने पर चर्चा शुरू कर दी है। कैरोलिन लेविट ने बताया कि राष्ट्रपति इस कहानी पर हंसे और पटेल के नेतृत्व में विश्वास दिखाने के लिए उनके साथ फोटो खिंचवाई।

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि ट्रंप ने सहयोगियों को बताया है कि वह एफबीआई निदेशक पद के लिए शीर्ष एफबीआई अधिकारी एंड्रयू बेली के नाम पर विचार कर रहे हैं। दो सूत्रों ने पटेल को बहुत ही कमजोर स्थिति में बताया था। सूत्रों ने कहा था कि उनका हटना पहले से कहीं ज्यादा नजदीक दिख रहा है। हालांकि व्हाइट हाउस की प्रतिक्रिया सामने आने के बाद इस मामले का पटाक्षेप होता दिख रहा है।

पटेल को कई सप्ताह से ब्यूरो संसाधनों के प्रबंधन के संबंध में जांच का सामना करना पड़ रहा है। इनमें उनकी प्रेमिका की सुरक्षा व्यवस्था, सरकारी जेट के इस्तेमाल और ट्रंप के वफादार साथियों के साथ आंतरिक टकराव के बारे में सवाल शामिल हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक रिपोर्ट में बताया था कि उन्होंने कई निजी यात्राओं के लिए सरकारी विमान का इस्तेमाल किया था। इसमें टेक्सास के एक लग्जरी रिसॉर्ट और टेनेसी में अपनी प्रेमिका के घर की यात्रा भी शामिल थी।

## इथियोपिया में ज्वालामुखी का प्रकोप थमा



**अदीस अबाबा, एजेंसी।** उत्तरी इथियोपिया के लंबे समय से निष्क्रिय रहे हेली गुब्बी ज्वालामुखी में पिछले सप्ताहांत हुए विस्फोट के बाद अब ज्वालामुखीय गतिविधि कम हो गई है। इस विस्फोट ने आसपास के इलाकों में भारी नुकसान पहुंचाया और राख के बादल उड़ान मार्गों में फैल जाने के कारण कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। अफार क्षेत्र के अफदेरा जिले के गांव राख की मोटी परत से ढक गए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार लोग खांसी की समस्या से जूझ रहे हैं और पशुधन के लिए पानी और घास पूरी तरह राख से ढक गई है। ज्वालामुखी विस्फोट के बाद कई एयरलाइंस ने प्रभावित रूटों पर उड़ानें रद्द कर दीं। मौसम विभाग के अनुसार राख के बादल देर शाम तक साफ होने की संभावना है। भारत की एयर इंडिया ने सोमवार और मंगलवार को 11 उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल थीं। एयरलाइन ने बताया कि भारतीय विमानन नियामक के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्रों से गुजरने वाले विमानों की जांच की जा रही है। भारत की अकासा एयर ने भी जेद्दा, कुवैत और अबू धाबी जैसी मध्य पूर्व की उड़ानों पर रोक लगाई। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से कम से कम सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें मंगलवार को रद्द हुईं, जबकि एक अधिकारी के अनुसार दर्जन भर उड़ानें देरी से रवाना हुईं। मौसम विभाग ने बताया कि 8 से 15 किलोमीटर की ऊंचाई और हवा की गति 100 से 150 किमी प्रति घंटा होने के कारण राख का यह गुबार बड़ा खतरा नहीं बना। यह गुबार अब चीन की ओर बढ़ गया है।

## इंडोनेशिया: मूसलाधार बारिश ने मचाई भीषण तबाही, सुमात्रा द्वीप पर बाढ़-भूस्खलन से 10 की मौत, कई लापता

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आ गई और भूस्खलन में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य लापता हो गए। पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि पिछले हफ्ते हुई मानसूनी बारिश की वजह से नदियों के बांध टूट गए। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी गांवों में कीचड़ भर गया, चट्टानें और पेड़ गिर गए, जिससे भारी तबाही हुई। इन घटनाओं के बाद बचाव दल उत्तरी सुमात्रा प्रांत के छह क्षेत्रों में प्रभावित इलाकों तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बयान के अनुसार बचावकर्मियों ने बुधवार तक सबसे ज्यादा प्रभावित सिबोल्गा शहर से कम से कम पांच शव बरामद किए हैं। साथ ही तीन घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया है। पड़ोसी जिले मध्य तपनौली में भूस्खलन की चपेट में आकर कई



घर तबाह हो गए, जिसमें कम से कम चार लोगों का एक परिवार मारा गया और बाढ़ से लगभग 2,000 घर और इमारतें जलमग्न हो गईं। बाढ़ और भूस्खलन के कारण पेड़ों के उखड़ने से दक्षिण तपनौली जिले में एक ग्रामीण की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। मंडेलिंग नटाल जिले में एक पुल नष्ट हो गया और 470 घर जलमग्न हो गए। बयान में कहा गया है कि नियास द्वीप में कीचड़ और मलबे की वजह से एक मुख्य सड़क बाधित हो गई है।

सिबोलगा के पुलिस प्रमुख एडी इंगंटा ने कहा कि आपातकालीन आश्रय स्थल स्थापित कर दिए गए हैं और अधिकारियों ने उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों के निवासियों से तत्काल घर खाली करने का आग्रह किया है। पहाड़ी शहर में छह भूस्खलनों में 17 घर और एक कैफे ध्वस्त होने के बाद उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लगातार बारिश से और ज्यादा भूस्खलन हो सकता है। इंगंटा ने कहा कि खराब मौसम और भूस्खलन के कारण बचाव अभियान में रुकावट आई है। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों के कठिन परिस्थितियों से जूझने के कारण पहुंच सीमित बनी हुई है। राष्ट्रीय आपदा एजेंसी ने इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा के दो इलाकों में 10 दिनों के अभियान के बाद राहत कार्यों की मंगलवार को आधिकारिक समाप्ति का एलान किया था। कुछ ही घंटों बाद सुमात्रा द्वीप पर बारिश की वजह से बाढ़ और भूस्खलन का कहर देखने को मिला। वहीं, मध्य जावा के सिलाकैप और बंजारनेगारा जिलों में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दबे लोगों की तलाश के लिए 1,000 से ज्यादा बचावकर्मियों को तैनात किया गया था। भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 38 लोगों की मौत हो गई थी।

## संयुक्त राष्ट्र की चौंकाने वाली रिपोर्ट: दुनिया में हर 10वें मिनट एक महिला की हत्या, हर दिन 137 महिलाओं की मौत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दुनिया भर में लगभग हर 10 मिनट में किसी महिला या लड़की की हत्या उसके साथी या परिवार के सदस्य द्वारा कर दी जाती है।

यह औसतन हर दिन 137 हत्याएं बनती हैं। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) और यूएन विमेन की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि फेमिसाइड (महिलाओं की लैंगिक आधार पर हत्या) अब भी लाखों महिलाओं और लड़कियों की जान ले रहा है और इस पर रोक लगाने में कोई ठोस प्रगति नहीं दिख रही।

यूएनओडीसी के कार्यकारी निदेशक जॉन ब्रांडोलिनो ने कहा, दुनिया की बहुत बड़ी संख्या में महिलाओं और लड़कियों के लिए घर आज भी खतरनाक और कई बार जानलेवा जगह बना हुआ है। उन्होंने फेमिसाइड रोकने के लिए बेहतर रोकथाम उपायों और प्रभावी न्यायिक व्यवस्था की जरूरत पर जोर दिया। यूएन विमेन की नीति प्रभाग निदेशक सारा हेंड्रिक्स ने ऑनलाइन हिंसा की बढ़ती भूमिका पर चिंता जताई। उनके अनुसार, डिजिटल हिंसा कई बार ऑनलाइन से आगे बढ़कर वास्तविक दुनिया में पहुंचती है और चरम रूप में हत्या जैसी घटनाओं का कारण बन सकती है।

**पिछले साल 83 हजार महिलाओं की हुई हत्या :** रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष 83,000 महिलाओं और लड़कियों की जानबूझकर हत्या की गई, जिनमें से 60 फीसदी यानी 50,000 की हत्या उनके अंतरंग साथी या परिवार के सदस्यों ने की। इसके मुकाबले पुरुषों की हत्या के सिर्फ 11 फीसदी मामलों में ही उनके साथी या परिजन शामिल थे। हालांकि 2024 में करीबी द्वारा हुई 50,000 हत्याएं, 2023 के अनुमान (51,100) से थोड़ी कम हैं, लेकिन रिपोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह कमी वास्तविक गिरावट नहीं है, बल्कि देशों से उपलब्ध आंकड़ों में अंतर की वजह से है।

**अफ्रीका में हत्या की दर सबसे ज्यादा :** रिपोर्ट में बताया गया कि अंतरंग साथी या परिवार के सदस्य द्वारा की गई फेमिसाइड की सबसे ज्यादा दर अफ्रीका (प्रति 1 लाख महिलाओं पर 3) में दर्ज की गई। इसके बाद अमेरिका (1.5), ओशिआनिया (1.4), एशिया (0.7) और यूरोप (0.5) का स्थान रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि घर के बाहर होने वाली फेमिसाइड की घटनाओं के बारे में अभी भी पर्याप्त डाटा उपलब्ध नहीं है।

## शेख हसीना की सजा के खिलाफ अवामी लीग का हल्लाबोल, 30 नवंबर तक देशव्यापी आंदोलन शुरू




**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की बेदखल पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को दी गई मृत्युदंड की सजा के खिलाफ उनकी पार्टी अवामी लीग ने मंगलवार (25 नवंबर) को 30 नवंबर तक देशभर में विरोध प्रदर्शन और 'प्रतिरोध मार्च' निकालने का एलान किया है। पार्टी ने इस सजा को 'अवैध ट्राइब्यूनल का अवैध फैसला' बताते हुए इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है।

**17 नवंबर को सुनाई थी फांसी की सजा :** 17 नवंबर को बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (ICT-BD) ने 78 वर्षीय हसीना और तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल को मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में फांसी की सजा सुनाई थी। दोनों नेताओं का मुकदमा अनुपस्थिति में चला। हसीना फिलहाल भारत में हैं, जबकि कमाल के भी भारत में छिपे होने की आशंका है।

**अंतरिम सरकार की साजिश दिया करार :** अवामी लीग ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया कि यह फैसला मुहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार की साजिश है, ताकि हसीना और उनकी पार्टी को अगले वर्ष फरवरी में प्रस्तावित चुनाव से दूर रखा जा सके। पार्टी ने 'अवैध ट्राइब्यूनल के अवैध फैसले' को अस्वीकार करते हुए यूनुस के इस्तीफे की मांग की और देश के सभी जिलों और उपजिलाओं में 30 नवंबर तक प्रदर्शन और प्रतिरोध रैलियां आयोजित करने की घोषणा की। अवामी लीग ने कहा कि यह फैसला 'तमाशा' है, जिसे जनता 'तिरस्कार के साथ खारिज कर चुकी है।

**पूरे देश में कड़े आंदोलन का एलान :** अवामी लीग ने दावा किया कि वह जमीनी कार्यकर्ताओं और राजनीतिक संगठनों के साथ मिलकर 'राष्ट्रविरोधी साजिशों' का मुकाबला करेगी और किसी भी कीमत पर 'मुक्ति संग्राम समर्थक ताकतों को चुनाव से बाहर करने की कोशिशों' को नाकाम करेगी। बयान में कहा गया कि बांग्लादेश में साजिश के जरिए चुनाव नहीं होने दिया जाएगा। किसी भी कीमत पर इसका विरोध किया जाएगा। अवामी लीग ने चेतावनी दी कि जल्द ही पूरे देश में कड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले साल 5 अगस्त को 'जुलाई विद्रोह' नाम का छात्रों के नेतृत्व वाले हिंसक विरोध प्रदर्शन में शेख हसीना की अवामी लीग सरकार गिरा दी गई थी।

## चीन को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में ताइवान, राष्ट्रपति पेश करेंगे 40 अरब का अतिरिक्त रक्षा बजट

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान ने चीन की आक्रामकता को मुंहतोड़ जवाब देनी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने वाशिंगटन पोस्ट के एक लेख में कहा कि देश अपनी रक्षा के दृढ़ संकल्प को दर्शाने के लिए 40 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त रक्षा बजट पेश करेगा। इस बजट में जरूरी नए अमेरिकी हथियारों की खरीद की योजना भी शामिल है।

राष्ट्रपति चिंग-ते के इस बयान से चीन को मिर्ची लगना तय है। बीते पांच वर्षों में चीन ने ताइवान को अपने देश का हिस्सा बताने के दावों को पुख्ता करने के लिए ताइपे पर सैन्य और राजनीतिक दबाव बढ़ा दिया है। हालांकि, ताइवान इसे दृढ़ता से खारिज करता रहा है। ताइवान को वाशिंगटन से अपनी रक्षा पर ज्यादा खर्च करने के लिए भी गुजारिश करनी पड़ रही है, जो यूरोप पर अमेरिका के दबाव को दर्शाता है। इस साल अगस्त महीने में लाई ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि 2030 तक रक्षा व्यय सकल घरेलू उत्पाद के 5 फीसदी तक पहुंच जाएगा।

उन्होंने मंगलवार को प्रकाशित लेख में कहा, 'यह ऐतिहासिक पैकेज न केवल अमेरिका से महत्वपूर्ण नए हथियारों की खरीद को वित्तपोषित करेगा, बल्कि ताइवान की विषम क्षमताओं को भी व्यापक रूप से बढ़ाएगा।' उन्होंने लिखा कि ऐसा करने में हमारा लक्ष्य बीजिंग की ओर से बल प्रयोग के संबंध में फैसले लेने में ज्यादा



लागत और अनिश्चितताएं डालकर निवारण को मजबूत करना है।

लाई ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह अतिरिक्त रक्षा व्यय का प्रस्ताव देंगे , लेकिन उन्होंने इसका ब्यौरा नहीं दिया था। उनके कार्यालय ने बताया कि लाई बुधवार सुबह वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की बैठक के बाद रक्षा मंत्री वेलिंगटन कू के साथ एक संवाददाता सम्मेलन करेंगे। 2026 तक सरकार रक्षा खर्च को 949.5 अरब ताइवान डॉलर (30.25 अरब डॉलर) तक पहुंचाने का प्रस्ताव कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह जीडीपी के 3.32 फीसदी के बराबर है, जो 2009 के बाद पहली बार 3 फीसदी की सीमा को पार कर गया है। औपचारिक राजनयिक संबंधों के अभाव के बावजूद अमेरिका कानून के मुताबिक ताइवान को आत्मरक्षा के साधन मुहैया कराने के लिए बाध्य है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद से उनके प्रशासन ने अब तक ताइवान को केवल एक नए हथियार की बिक्री को मंजूरी दी है। जो लड़ाकू जेट और अन्य विमान भागों के लिए 330 मिलियन डॉलर का पैकेज है, जिसकी घोषणा इस महीने की शुरुआत में की गई थी। लाई ने लिखा, 'हम राष्ट्रपति ट्रंप के आभारी हैं कि उन्होंने दुनिया भर में अमेरिकी नेतृत्व के महत्व को स्पष्ट कर दिया है। ट्रंप प्रशासन की ताकत के जरिए शांति की कोशिशों की वजह से आज अंतरराष्ट्रीय समुदाय ज्यादा सुरक्षित है।' चीन की ओर से अलगाववादी घोषित किए जाने की कोशिशों के बावजूद उन्होंने चीन के साथ वार्ता करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। लाई ने लिखा, 'हम इस समझ के साथ कि हमारा लोकतंत्र और स्वतंत्रता समझौता-योग्य नहीं है, दोनों देशों के बीच संवाद के अवसरों की तलाश जारी रखेंगे।

# डब्ल्यूपीएल 2026 नीलामी में दीप्ति को यूपी ने 3.2 करोड़ रुपये में खरीदा

## सोफी को गुजरात ने 2 करोड़ रुपये में शामिल किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट (डब्ल्यूपीएल) 2026 के लिए यहां हुई पहली मेगा में कुल 277 खिलाड़ी शामिल हुईं। इसमें 194 भारतीय और 83 विदेशी खिलाड़ी शामिल हुईं। इसमें इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन को यूपी वॉरियर्स ने 85 लाख रुपये में ज जबकि ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग को 1.90 करोड़ रुपये में लिया। दीप्ति शर्मा को यूपी ने 3.2 करोड़ रुपये में खरीदा। न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन को गुजरात जायंट्स ने 2 करोड़ रुपये में खरीदा। अमेलिया को 3 करोड़ में मुंबई इंडियंस ने अपने साथ जोड़ा। वहीं ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली को नहीं मिला खरीदार। इस मैगा नीलामी में अधिक से अधिक 73 खिलाड़ियों को ही खरीदा जा सकेगा। इसमें पांच टीमों में 50 भारतीय और 23 विदेशी खिलाड़ी के लिए ही स्लॉट है। हर फ्रेंजाइजी अपने स्क्वॉड में कम से कम 15 और ज्यादा से ज्यादा 18 प्लेयर ही शामिल कर सकती है।

इससे पहले टीमों ने कुल 17 खिलाड़ियों को रिटेन किया था, जिनमें 7 विदेशी और 3 अनकैप्ड हैं। ऐसे में टीमें अपने 2025 स्क्वॉड के खिलाड़ियों को वापस पाने के लिए राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड का इस्तेमाल कर सकती हैं। जिन फ्रेंचाइजी ने कम खिलाड़ियों को रिटेन किया, उसके पास खिलाड़ियों को खरीदने के लिए मोटी रकम है। हर टीम का पर्स 15 करोड़ रुपये, जिसमें रिटेंशन भी शामिल है। मुम्बई और दिल्ली आरटीएम इस्तेमाल नहीं कर सकेंगी क्योंकि उन्होंने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है

### यूपी वॉरियर्स : दीप्ति शर्मा ,सोफी और लैनिंग

स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा यूपी वॉरियर्स में ही रहेंगी। उन्हें यूपी ने 3.2 करोड़ में लिया है। डीसी ने दीप्ति में दिलचस्पी दिखाई लेकिन यूपी ने आरटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर बाजी मार ली। वह महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रही थीं।

इंग्लैंड की सोफी को यूपी वॉरियर्स ने 85 लाख रुपये में खरीदा है। यूपी ने आरटीएम ऑप्शन से सोफी को खरीदा। वहीं यूपी ने ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग को 1.90 करोड़ रुपये में लिया। लैनिंग का आधारमूल्य 50 लाख था। वह पिछले तीन सीजन दिल्ली के लिए खेलीं।

### मुंबई इंडियंस : अमेलिया केर

अमेलिया केर 3 करोड़ में मुंबई इंडियंस के साथ बनी रहेंगी। न्यूज़लैंड की ऑलराउंडर के लिए मुंबई और यूपी वॉरियर्स के बीच बिडिंग वॉर देखने को मिली। गुजरात जायंट्स ने तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को 60 लाख रुपये में लिया है।

### गुजरात जायंट्स : सोफी डिवाइन

न्यूजीलैंड की दिग्गज प्लेयर सोफी डिवाइन गुजरात जायंट्स का हिस्सा बन गई हैं।




उन्हें जीजी ने दो करोड़ रुपये में खरीदा। दिल्ली ने 1.9 करोड़ तक की बोली लगाई लेकिन बाजी जीजी ने मारी। उनका बेस ब्राइस 50 लाख था।

वहीं 50 लाख रुपये आधार मूल्य वाली ऑस्ट्रेलिकया की दिग्गज खिलाड़ी एलिसा हीली को कोई खरीदार नहीं मिला।

# शुभमन बोले, टीम और मजबूत होकर उभरेगी

## शांत समुद्र नहीं तूफान ही रास्ता दिखाता है



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने दक्षिण साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में हार पर निराशा जतायी है। शुभमन इस सीरीज के पहले टेस्ट में गर्दन में आई जकड़न के बाद बाहर हो गये थे। इसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। भारतीय टीम सीरीज के दोनो ही मैच हार गयी है। दूसरे टेस्ट में उसे 408 रनों से बड़ी हार मिली। शुभमन ने कहा है कि इस बार के बाद टीम और मजबूत होकर उभरेगी। भारतीय टीम इस सीरीज के पहले टेस्ट में 30 रन जबकि दूसरे में 408 रनों से हारी थी। इस हार से टीम के प्रदर्शन के साथ ही गंभीर की कोचिंग पर भी सवाल उठे हैं। वहीं शुभमन ने सोशल मीडिया में टीम के बचाव में लिखा, ''शांत समुद्र आपको रास्ता दिखाना नहीं सिखाता, बल्कि तूफान ही मजबूत बनाता है। हम एक-दूसरे पर भरोसा करते रहेंगे, एक-दूसरे के लिए संघर्ष करते हुए आगे बढ़ते हुए मजबूत बनेंगे।'' एक साल के अंतराल में भारतीय टीम को को घरेलू टेस्ट सीरीज के सभी मैचों में हार का सामना करना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उसे 3-0 और अब दक्षिण अफ्रीका से 2-0 की हार झेलनी पड़ी है। इसके बाद से ही गंभीर आलोचकों के निशाने पर हैं और प्रशंसक उन्हें हटाने की मांग करते दिख रहे हैं। इससे भारतीय टीम की अपनी धरती पर अजेय रहने की छवि भी टूटी है।

# गावस्कर ने गंभीर का बचाव किया, बोले हार के लिए कोच नहीं खिलाड़ी जिम्मेदार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का बचाव करते हुए कहा है कि उनके ही मार्गदर्शन में चैम्पियंस ट्रॉफी और एशिया कप में जीत मिली थी। गंभीर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम को मिली हार के बाद से ही आलोचकों के निशाने पर हैं। इसका कारण है कि उसे पिछले साल न्यूजीलैंड और अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इन हालातों में जहां अधिकतार लोग गंभीर के विरोध में हैं और उन्हें हटाने की मांग कर रहे हैं। वहीं गावस्कर का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली शर्मनाक हार के लिए कोच नहीं खिलाड़ी जिम्मेदार हैं। गावस्कर का कहना है कि आप जब हारते हैं, तभी कोच को दोष देते हैं, लेकिन जीत के लिए उसे उतना श्रेय नहीं मिलता।

गावस्कर ने कहा कि भारतीय कोच की आलोचना लोग शीघ्र करने लगते हैं पर सफलता के समय उन्हें श्रेय नहीं देते। गावस्कर ने कहा, ÷वह एक कोच हैं। कोच एक टीम तैयार कर सकता है पर मैदान पर कोच नहीं खिलाड़ियों को प्रदर्शन करना होता है। अब, जो लोग कोच से जवाबदेही की मांग कर रहे हैं तो मैं उनसे पूछता हूं कि जब भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीत था तो आपने क्या किया था? क्या आपने उन्हें श्रेय दिया था?

उन्होंने साथ ही कहा, क्या आपने तब ऐसा कहा था? जो आप अब उनको निकालने की मांग कर रहे हैं–क्या आपने तब कहा था कि उन्हें एक लंबा अनुबंध नहीं दिया जाना चाहिए। जब कोई टीम अच्छा नहीं करती, तभी आप कोच को भला-बुरा कहते हैं। गावस्कर के अनुसार तीनों प्रारुपों में कोचिंग करना आसान नहीं है।

# घरेलू खिलाड़ियों को मिलेगा मौका, दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद भारतीय टीम में हो सकता है बड़ा बदलाव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में दोनों मैच में करारी पराजय झेलने के बाद घरेलू स्तर के कुछ विशेषज्ञ खिलाड़ियों को भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिल सकती है क्योंकि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर जैसे महत्वपूर्ण स्थान के प्रति अपने रवैये में बदलाव करने के लिए तैयार है। पिछले तीन दशक में राहुल द्रविड़ और चेतेश्वर पुजारा जैसे बल्लेबाजों ने नंबर तीन पर अपनी भूमिका बखूबी निभाई थी लेकिन अब यह स्थान दांव पर लगा है।

करुण नायर इंग्लैंड में चार टेस्ट मैच खेलने के बावजूद प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे जबकि बी साई सुदर्शन ने 11 पारियों में 27 की औसत से यह दिखा दिया है कि वह अभी भी प्रगति की राह पर हैं। सुदर्शन के साथ तकनीक से जुड़ी कुछ समस्याएं हैं विशेष कर उपमहाद्वीप की पिचों पर स्पिन गेंदबाजों के सामने उनकी कमजोरी खुलकर उजागर हो गई है। उन्हें टेस्ट मैचों के लिए तैयार होने के लिए घरेलू क्रिकेट और भारत ए के साथ समय बिताने की जरूरत है। टेस्ट क्रिकेट ऐसी जगह नहीं है जहां प्राथमिक स्तर की छोटी-छोटी गलतियों को सुधारा जाए और यह खिलाड़ी लगातार गलतियों को दोहरा रहे हैं जिसके कारण बदलाव जरूरी हो गया है।

इस बात की प्रबल संभावना है कि चयन समिति अब बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए घरेलू स्तर के कुछ सीनियर खिलाड़ियों के नाम पर गंभीरता से विचार करेगी। सरफराज खान और अभिमन्यु ईश्वरन के लिए दरवाजे लगभग बंद हो चुके हैं, लेकिन घरेलू क्रिकेट में अनुभवी तीन खिलाड़ी रुतुराज गायकवाड़, रजत पाटीदार और रिंकू सिंह टीम प्रबंधन का ध्यान अपनी तरफ खींच सकते हैं। लाल गेंद के नए खिलाड़ियों में स्मरण रविचंद्रन (प्रथम श्रेणी औसत 78) और यश राठौड़ (पिछले रणजी सत्र में 960 रन) ने मध्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है।

एक पूर्व चयनकर्ता से जब इस बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, 'लोग अभिमन्यु और सरफराज को नहीं चुनने के लिए अजीत और उनकी समिति को दोषी ठहरा सकते हैं, लेकिन क्या मुख्य कोच (गौतम गंभीर) और नए कप्तान (शुभमन गिल) को उनकी क्षमता पर भरोसा है। अगर नहीं, तो अकेले अजीत क्या करेंगे।' लेकिन संभवतः अब समय आ गया है कि एक बार फिर से रणनीति बनाई जाए और ऑलराउंडरों के बजाय विशेषज्ञ खिलाड़ियों पर भरोसा किया जाए। उन्होंने कहा, 'एक बात स्पष्ट कर दूं कि कपिल देव अंतिम विश्वस्तरीय ऑलराउंडर थे और टेस्ट स्तर पर अंतिम सक्षम ऑलराउंडर मनोज प्रभाकर थे जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में आगाज कर सकते थे। जहां तक हार्दिक पांड्या का सवाल है तो उनका शरीर उन्हें टेस्ट क्रिकेट में खेलने की अनुमति नहीं दे रहा है।'

उन्होंने कहा, ''लेकिन नितीश रेड्डी टुकड़ों में खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वह ज़्यादा से ज़्यादा टी20 खेल सकते हैं, वनडे नहीं और गौतम को यह बात समझने की जरूरत है।' रेड्डी का 10 टेस्ट मैचों में बल्लेबाजी औसत 26 है, जो मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया में लगाए गए शतक के कारण है। उन्होंने 15 पारियों में केवल 86 ओवर गेंदबाजी की है, जो औसतन छह ओवर प्रति पारी भी नहीं है। वर्तमान समय में भारत को नंबर तीन पर एक मजबूत बल्लेबाज की जरूरत है। इसके अलावा उसे नंबर पांच पर भी एक अच्छे रिजर्व बल्लेबाज की जरूरत है।

# टी20 विश्वकप फाइनल ऑस्ट्रेलिया से खेलकर जीतना चाहते हैं सूर्यकुमार

मुंबई ।भारतीय टी20 क्रिकेट टीम 2026 विश्वकप में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में उतरेगी।सूर्यकुमार 2024 में विश्वकप विजेता भारतीय टीम में शामिल थे हालांकि तब टीम की कप्तानी रोहित शर्मा के पास थी।ऐसे में अब सूर्यकुमार अपनी कप्तानी में टीम को खिताब जिताने के इरादे से उतरेंगे।सूर्यकुमार चाहते हैं कि इस टूर्नामेंट के फाइनल में भारतीय टीम का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से हो जिसमें उसे हराकर अहमदाबाद के मैदान पर 2023 एकदिवसीय विश्वकप की हार का बदला लिया जा सके।भारतीय टीम को 2026 टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान, अमेरिका, नीदरलैंड और नामीबिया के साथ ग्रुप ए में रखा गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान के साथ ग्रुप बी में जगह मिली है। भारत ने पिछले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराया था और इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भी उन्हें चार विकेट से हराया था पर ये अलग मैदान थे। भारतीय खिलाड़ी चाहते हैं कि ऑस्ट्रेलिया को उसी उसी मैदान पर हरायें जिसपर उसे 10 मैच जीतने के बाद फाइनल में हार मिली थी।जब सूर्या से पूछा गया कि अगले साल के टी20 विश्व कप फाइनल मुकाबले में वह किस टीम का सामना करना चाहेंगे तो सूर्यकुमार ने जवाब दिया, ''अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में।''वहीं भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी सूर्या की बात का समर्थन किया, जिनकी टीम ने हाल ही के विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद खिताब जीता था। उन्होंने कहा, ''ऑस्ट्रेलिया ही एकमात्र टीम है जिसे हम हराना चाहते हैं, क्योंकि यह वह गेम है जो आपके साथ रहता है।''

# दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद अश्विन का ऋषभ पंत पर तीखा तंज : जब तक जिम्मेदारी नहीं लेंगे, कुछ नहीं बदलेगा



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऋषभ पंत की बल्लेबाजी कौशल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका खेल और डिफेंस शानदार है। हालाँकि, उन्होंने पंत के लापरवाह शॉट चयन पर भी निराशा व्यक्त की, जिसके कारण अक्सर उन्हें आउट होना पड़ता है।अश्विन का मानना है कि पंत एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं और उनमें महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता है, लेकिन उन्हें अधिक ज़िम्मेदारी लेने और अपने शॉट्स के साथ अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है। यह बात भारत को दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका से 408 रनों से मिली शर्मनाक हार के बाद आई है, जिसके परिणामस्वरूप श्रृंखला 0-2 से हार गई। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल ऐश की बात पर कहा कि जब ऋषभ पंत बल्लेबाजी करते थे तो ड्रेसिंग रूम में मेरी धड़कनें तेज़ हो जाती थीं। उनका खेल और डिफेंस शानदार है, इसलिए मुझे हमेशा आश्चर्य होता है कि वह ऐसे शॉट क्यों खेलते हैं। मैं अब भी कहूँगा कि वह एक बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, और जिस दिन वह ज़िम्मेदारी लेंगे, चीजें बदलने लगेंगी। मैं उनके एक्स-फैक्टर से इनकार नहीं करता।नाथन एस्टल ने एक बार क्राइस्टचर्च में 200 के करीब रन बनाए थे। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन उसके बाद वह हर टेस्ट में एक जैसा नहीं खेला। इसी तरह, बल्लेबाज़ हर बार एक जैसा नहीं खेल सकते। मैंने ड्रेसिंग रूम में भी कहा है, लेकिन जब तक उसे इसका एहसास नहीं होगा, यह बदल नहीं सकता। अगर आप आज कप्तान हैं, तो 10 दूसरे आपके नक्शेकदम पर चलेंगे। इसलिए ज़िम्मेदारी ज़रूरी है। पंत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत के कार्यवाहक कप्तान थे क्योंकि नियमित कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट के कारण मैच से बाहर हो गए थे।पंत का प्रोटियाज़ टेस्ट सीरीज़ में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और उन्होंने चार पारियों में सिर्फ़ 49 रन बनाए।

# सुल्तान अजलान शाह कप: रोमांचक मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 4-3 से हराया

**इपोह (मलेशिया) (एजेंसी)।** सुल्तान अजलान शाह कप 2025 में भारतीय हॉकी टीम ने मेजबान मलेशिया को 4-3 के रोमांचक मुकाबले में मात देकर टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। भारत के लिए सेल्वम कार्थी (7'), सुखजीत सिंह (21'), अमित रोहिदास (39') और कप्तान संजय (53') ने गोल किए। वहीं मलेशिया के लिए फैजल सारी (13'), फितरी सारी (36') और कप्तान मरहान जलील (45') ने गोल दागे।

इस जीत के साथ भारत तीन मैचों में छह अंकों के साथ अंकतालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने पहला मुकाबला कोरिया के खिलाफ जीता था, जबकि दूसरे मैच में बेल्जियम से हार मिली थी।



### पहला हाफ: तेज शुरुआत, फिर मलेशिया की बराबरी

भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की और शुरुआती मिनटों में ही पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। लगातार दबाव का फायदा टीम को 7वें मिनट में मिला जब सुखजीत के बेहतरीन मूव पर सेल्वम कार्थी ने आसान टैप-इन से गोल किया। हालांकि, पहले क्वार्टर के अंत में यशदीप सिवाच की गलती से मलेशिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे फैजल सारी ने गोल में बदलकर स्कोर 1-1 कर दिया।

### दूसरा क्वार्टर: भारत ने फिर बनाई बढ़त

21वें मिनट में अभिषेक के शॉट को रिबाउंड पर नियंत्रित करते हुए सुखजीत सिंह ने भारत के लिए दूसरा गोल किया। भारत को बढ़त बढ़ाने के अवसर मिले, लेकिन मलेशिया की डिफेंस ने और गोल नहीं होने दिया। हाफ टाइम तक भारत 2-1 से आगे रहा।

### तीसरा क्वार्टर: दोनों टीमों का कड़ा संघर्ष

तीसरे क्वार्टर में शुरुआत भारत के पेनल्टी कॉर्नर से हुई, लेकिन टीम मौके को भुना नहीं पाई। इसके बाद 34वें मिनट में जुगराज सिंह को ग्रीन कार्ड मिला, जिसका फायदा उठाते हुए मलेशिया ने फितरी सारी की मदद से 2-2 की बराबरी कर ली। कुछ देर बाद भारत की ओर से अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर जोरदार हिट लगाकर स्कोर 3-2 कर दिया। क्वार्टर के आखिरी मिनट में सेल्वम कार्थी येलो कार्ड से बाहर हुए और मलेशिया ने खिलाड़ियों की संख्या का फायदा उठाते हुए कप्तान मरहान जलील के जरिए मैच को फिर बराबरी पर ला दिया (3-3)।

### आखिरी क्वार्टर: कप्तान संजय बने हीरो

अंतिम क्वार्टर में मैच बेहद रोमांचक मोड़ पर था। भारतीय गोलकीपर पवन ने एक कठिन शॉट रोककर स्कोर को बराबरी पर बनाए रखा। 53वें मिनट में भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे कप्तान संजय ने सफलतापूर्वक गोल में बदलकर भारत को चौथी बार बढ़त दिलाई (4-3)।

आखिरी मिनटों में मलेशिया को पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारतीय डिफेंस और पवन के शानदार बचाव ने जीत सुनिश्चित कर दी। भारत ने मुकाबला 4-3 से अपने नाम किया।

### अगला मुकाबला

भारत अपना अगला सुल्तान अजलान शाह कप 2025 मैच गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा।

# सिराज का एयर इंडिया एक्सप्रेस पर फूटा गुस्सा : 'सबसे घटिया एयरलाइन अनुभव', 4 घंटे की देरी पर उठाए सवाल

नई दिल्ली।भारत के तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद सिराज ने एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में हुई देरी पर अपनी निराशा और हताशा व्यक्त की है।उन्होंने इसे एयरलाइन की ओर से संचार और अपडेट की कमी के कारण सबसे खराब एयरलाइन अनुभव बताया है। दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 408 रनों से शर्मनाक हार के बाद सिराज गुवाहाटी से हैदराबाद लौट रहे थे, जिसके परिणामस्वरूप दो मैचों की श्रृंखला 0-2 से हार गई।पिछले साल न्यूज़ीलैंड से 3-0 की हार के बाद, यह भारत का घरेलू मैदान पर दूसरा क्लीन स्वीप है।सिराज ने बुधवार शाम को उड़ान में हुई देरी पर नाराज़गी जताई, जो शाम 7.25 बजे उड़ान भरने वाली थी।उन्होंने एयरलाइन की संचार की कमी को उजागर किया।एक एक्स पोस्ट में, सिराज ने लिखा कि गुवाहाटी से हैदराबाद जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या IX 2884 को 7.25 पर उड़ान भरनी थी, लेकिन एयरलाइन की ओर से कोई सूचना नहीं मिली है और बार-बार संपर्क करने के बाद भी उन्होंने बिना किसी उचित कारण के उड़ान में देरी कर दी है। यह वास्तव में निराशाजनक है और हर यात्री की यही आम शिकायत है। उड़ान में 4 घंटे की देरी हुई और अभी तक कोई अपडेट नहीं



मिलने से हम फंस गए हैं।एयरलाइन का सबसे खराब अनुभव।मैं वास्तव में किसी को भी इस उड़ान से जाने की सलाह नहीं दूंगा अगर वे कोई स्टैंड नहीं ले सकते।एयर इंडिया एक्सप्रेस ने गुरुवार को बताया कि गुवाहाटी से हैदराबाद जाने वाली उसकी उड़ान (IX 2884) अप्रत्याशित परिचालन कारणों से रद्द कर दी गई है। यह स्पष्टीकरण तब आया जब सिराज ने सार्वजनिक रूप से एयरलाइन पर गुवाहाटी से उड़ान में देरी और इस संबंध में संचार की कमी का आरोप लगाया। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सिराज के X पोस्ट के जवाब में कहा कि हमें आपको यह बताते हुए खेद हो रहा है कि अप्रत्याशित परिचालन कारणों से उड़ान रद्द कर दी गई है। हवाई अड्डे पर हमारी टीम सभी मेहमानों को आवश्यक व्यवस्थाओं में सक्रिय रूप से सहायता कर रही है।हम समझते हैं कि यह स्थिति कितनी कठिन है, और हम आपके धैर्य और समझ की सराहना करते हैं।कृपया आश्वस्त रहें कि हमारी टीम आपको अपडेट देती रहेगी और हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

# कमिंस को दूसरे और हेलवुड को तीसरे टेस्ट में उतार सकता है ऑस्ट्रेलिया : रिपोर्ट

ब्रिसबेन ।यहां इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां 4 दिसंबर से शुरु हो रहे दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट की तैयारियां जारी है।इस सीरीज में 1-0 से आगे चल रही ऑस्ट्रेलियाई टीम इस मैच में नियमित कप्तान पैट कमिंस को उतार सकती है।वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार तेज गेंदबाज कमिंस के आने से मेजबान टीम का गेंदबाजी आक्रमक और मजबूत होगा।कमिंस अब फिट हैं और अभ्यास सत्र में जमकर गेंदबाजी कर रहे हैं।उन्हें दूसरे एशेज टेस्ट से पहले गुलाबी गेंद से अभ्यास करते देखा गया, जो एक दिन-रात का मैच होगा. वहीं एक अन्य तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड भी अभ्यास सत्र में उतर गये हैं पर उनके तीसरे टेस्ट में उतरने की संभावना है।हेजलवुड को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पहले टेस्ट मैच से बाहर रखा गया था।हेज़लवुड को सिडनी के क्रिकेट सेंट्रल में नेट्स पर लाल गेंद से गेंदबाजी करते देखा गया।ऐसे में ब्रिस्बेन में दूसरे टेस्ट मैच के लिए उनके खेलने की संभावना कम है पर माना जा रहा है कि वह एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में खेलेंगे।मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने कहा कि टीम को उम्मीद है कि हेज़लवुड मौजूदा एशेज सीरीज़ के बाद के मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे।मैकडॉनल्ड ने कहा, 'मुझे पता है कि वह सीरीज़ के दौरान किसी न किसी समय उपलब्ध रहेंगे।हमें अभी थोड़ा सा शुरुआती पुनर्वास करना है जिससे यह तय किया जा सके कि वह सीरीज़ में कहाँ खेल सकते हैं, लेकिन हमें उम्मीद है कि वह सीरीज़ में कुछ हिस्सा लेंगे।कोच मैकडॉनल्ड ने कहा कि कमिंस का रिहैब पूरा होने के करीब हैं।

# राहुल गांधी ने ब्लाइंड टी20 विश्व कप विजेता टीम महिला टीम से मुलाकात कर जीत की बधाई दी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष में नेता राहुल गांधी ने ब्लाइंड टी20 विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम से मुलाकात कर उसे जीत की बधाई देने के साथ ही भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। राहुल के दिल्ली स्थित निवास 10 जनपथ में विश्वकप विजेता टीम पहुंची थी।इस मौके पर राहुल ने खिलाड़ियों के धैर्य और खेल कौशल को भी सराहा। भारतीय टीम ने रविवार को कोलंबो में खेले गए खिताबी मुकाबले में नेपाल को 7 विकेट से हराया था।इस मुकाबले में नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट पर 114 रन बनाए थे।इसके बाद ये लक्ष्य भारतीय टीम ने 12.1 ओवरों में ही हासिल कर लिया। भारतीय टीम ने इस विश्व कप ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, पाकिस्तान, नेपाल और अमेरिका को हराकर खिताब अपने नाम किया।सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर 9 विकेट से जबरदस्त जीत दर्ज की थी।इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने अपने सभी 7 मैच जीते ।भारतीय टीम जब खिताब जीतकर भारत लौटी, तो बेंगलुरु एयरपोर्ट पर टीम का जोरदार स्वागत किया गया। भारतीय टीम की कप्तान दीपिका ने विश्व कप खिताब जीतने पर खुशी जताते हुए कहा था, हमें देश को खिताब जिताकर बेहद खुशी है।पूरी टीम ने एकसाथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया है खिलाड़ियों ने अपनी जिंदगी में काफी मेहनत की है।यह हमारे लिए गर्व का अवसर है।

# पंत का 'सॉरी' संदेश, टीम इंडिया के शर्मनाक प्रदर्शन पर फैंस से मांगी माफी, वापसी का लिया संकल्प

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर टीम इंडिया के 0-2 से हारने के बाद, ऋषभ पंत ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक संदेश पोस्ट करके प्रशंसकों से माफ़ी मांगी। पंत ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि हमने पिछले दो हफ्तों में अच्छा क्रिकेट नहीं खेला। एक टीम और एक व्यक्ति के रूप में, हम हमेशा उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करना चाहते हैं और अरबों भारतीयों के चेहरे पर मुस्कान लाना चाहते हैं। माफ़ कीजिए, इस बार हम उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए, लेकिन खेल आपको एक टीम और एक व्यक्ति के रूप में, सीखना, ढलना और आगे बढ़ना सिखाता है।

ऋषभ पंत ने आगे लिखा कि भारत का प्रतिनिधित्व करना हमारे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है। हम जानते हैं कि यह टीम क्या करने में सक्षम है और हम एक टीम और एक व्यक्ति के रूप में मज़बूत और बेहतर वापसी करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, फिर से संगठित होंगे, फिर से ध्यान केंद्रित करेंगे और खुद को फिर से तैयार करेंगे। आपके अटूट समर्थन और प्यार के लिए धन्यवाद! जय हिंद। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज पंत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे।

पंत ने चार पारियों में 12.25 की खराब औसत से सिर्फ 49 रन बनाए। केएल राहुल 30 नवंबर से रांची में शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में टीम इंडिया की अगुवाई करेंगे। राहुल कप्तानी संभालेंगे क्योंकि भारत अपने नियुक्त एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल के बिना होगा। 26 वर्षीय खिलाड़ी को कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन चोट लगी थी और पहली पारी में सिर्फ तीन गेंदों का सामना करने के बाद रिटायर्ड हर्ट होने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। वह दूसरे टेस्ट के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए हैं और मुंबई में उनका मूल्यांकन जारी रहेगा।



# तेजस नेटवर्क्स के शेयरों में तूफानी तेजी, 7 फीसदी उछलकर 515 पर पहुंचा

▸▸ एयरटेल ने पिछले दिनों सिग्नल उपकरणों की गुणवत्ता पर उठाए थे सवाल

**नई दिल्ली**

टाटा ग्रुप कंपनी तेजस नेटवर्क्स के शेयरों में तूफानी तेजी आई। तेजस नेटवर्क्स के शेयर गुरुवार को 500 रुपए के ऊपर पहुंचे गए। कंपनी के शेयर गुरुवार को बीएसई में 7 फीसदी से ज्यादा उछलकर 515 रुपए पर पहुंच गए। तेजस नेटवर्क्स के शेयर पिछले कुछ महीनों से दबाव में हैं। कंपनी के शेयर मंगलवार को 52 हफ्ते के निचले स्तर 474.50 रुपए पर थे।

52 हफ्ते के उच्चतम स्तर से तेजस नेटवर्क्स के शेयर 66 फीसदी से ज्यादा टूट गए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक टेलिकॉम कंपनी एयरटेल ने पिछले दिनों तेजस नेटवर्क्स के सिग्नल उपकरणों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे। तेजस नेटवर्क्स ने इसके जवाब में कहा कि उसके टेलिकॉम उपकरण इंडस्ट्री के जरूरी क्वॉलिटी स्टैंडर्ड्स को पूरा करते हैं। तेजस नेटवर्क्स ने कहा है कि चूंकि, हमारे उपकरण सभी राज्यों की 100,000 साइट्स पर दूसरे ऑपरेटर्स के इक्विपमेंट के साथ मौजूद हैं और वहां कोई व्यवधान से जुड़े मामले नहीं हैं। ऐसे में केवल एक राज्य में एक बैंड पर यह खराब गुणवत्ता वाले नहीं हो सकते हैं।



## मायटीवीएस अफ्रीका और यूरोप के बाजारों में वाणिज्यिक पेशकश पर कर रही विचार

**2027 तक 2500 मल्टी-ब्रांड सेवा नेटवर्क बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य**




**नई दिल्ली** टीवीएस मोबिलिटी समूह की इकाई मल्टी-ब्रांड आफ्टरमार्केट चेन मायटीवीएस ने कहा है कि वह अपने वैश्विक विस्तार के हिस्से के रूप में अफ्रीका और यूरोप जैसे बाजारों में वाणिज्यिक पेशकश पर विचार कर रही है। मायटीवीएस ने 2027 तक 2,500 मल्टी-ब्रांड सेवा नेटवर्क बनाने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। फिलहाल इसकी संख्या 1200 है। कंपनी यह कवायद तब कर रही है जब उसने 5.2 करोड़ कार सेवा सदस्यता में से 1 करोड़ सक्रिय सेवा सदस्यता हासिल की है। विदेशी योजना कंपनी द्वारा नवंबर की शुरुआत में ट्रांसगार्ड समूह के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद आई है, जिसका उद्देश्य संयुक्त अरब अमीरात में वाहन, विमानन और आपूर्ति श्रृंखला क्षेत्रों को बदलना है। मायटीवीएस के प्रबंध निदेशक ने कहा कि हम जल्द ही अफ्रीका और यूरोप में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करेंगे। हमारे लिए अफ्रीका और पश्चिम एशिया फोकस बाजार हैं। कुल मल्टी-ब्रांड सेवा नेटवर्क में से यह पहले से ही केंद्रों के एक बड़े हिस्से में इलेक्ट्रिक सेवाएं प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने सर्विस बाजार में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारे पास एक करोड़ सक्रिय सेवा सबस्क्रिप्शन हैं।

## हरियाणा में बिका सबसे महंगा वीआईपी नंबर, 1.17 करोड़ की लगी बोली




**चंडीगढ़** वीआईपी नंबर प्लेटों की ऑनलाइन नीलामी में रिकॉर्ड टूट गया। यह रिकॉर्ड हरियाणा में टूटा है। फैंसी नंबर एचआर88बी8888 ने बोली के दौरान 1.17 करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लिया। यह अब तक का देश का सबसे महंगा नंबर है। ये नंबर चरखी दादरी के बाढड़ा का है। इस नंबर के लिए कुल 45 लोगों ने आवेदन किया था। बोली खत्म होते-होते शाम हो गई और कीमत 1.17 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो अब तक का सबसे महंगा वाहन नंबर बन गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 4500 रुपए में वीआईपी नंबर के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होता है, जिसमें अलग-अलग लोग अलग-अलग नंबर के लिए ऑनलाइन बोली लगाते हैं और इसके लिए पांच दिन का समय होता है। दिन के अंदर नंबर ब्लॉक करना होता है और बोली लगाई हुई फीस कटवानी होती है। अगर फीस नहीं कटवाते तो 4500 रुपए ब्लॉक हो जाते हैं। वह रिफंड नहीं होते और वह बोली से बाहर हो जाता है।

## एस इंटरनैशनल ने जुटाए 305 करोड़ रुपए, वैश्विक निवेशक में मची होड़




**कंपनी के चेयरमैन बोले- हम इस सपने को वैश्विक स्तर पर ले जाने को तैयार**

**नई दिल्ली** खाद्य और पोषण सामग्री क्षेत्र की कंपनी एस इंटरनैशनल लिमिटेड ने डच उद्यमिता विकास बैंक- एफएमओ, स्विट्जरलैंड की निवेश कंपनी- रिस्पॉन्सएबिलिटी, बेल्जियम की निवेश कंपनी- इनकोफिन और फिडलिन वेंचर्स से 305 करोड़ रुपए की रकम जुटाई है। इस पूंजी से आंध्रप्रदेश के कप्पम में नई एकीकृत डेरी सामग्री और पोषण इकाई और परिसर बनाने में मदद मिलेगी। एस इंटरनैशनल के संस्थापक और चेयरमैन संजीव गोयल ने कहा कि यह साझेदारी रकम जुटाने की तुलना से कहीं ज्यादा है, यह उद्देश्य को आगे बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि हमने एक विश्वास के साथ एस को बनाया है कि खाद्य प्रौद्योगिकी में नवाचार से सभी के लिए बेहतर कारोबारी परिणाम और पोषण दोनों को ही बढ़ावा मिले। इस निवेश के साथ हम इस सपने को वैश्विक स्तर पर ले जाने को तैयार हैं। कप्पम की यह इकाई एशिया में पहली बार शुरू की जा रही डेरी पोषण क्षेत्र की अति आधुनिक प्रोसेसिंग तकनीक में सबसे आगे रहेगी। यह आधुनिक विनिर्माण इकाई दुनिया भर में ऐसी कुछ इकाइयों में से एक होगी। यह विशेष रूप से तैयार बेहतर प्रदर्शन करने वाली ऐसी पोषण सामग्री बनाने में सक्षम होगी, जो वैश्विक खाद्य और पोषण ब्रांडों की बदलती जरूरतों को पूरा करेगी। वर्टिकली इंटीग्रेटेड टॉय-टेक स्टार्टअप कंपनी मिराना टॉयज ने एक्सेल, इन्फो एज और रिवरवॉक होल्डिंग्स की भागीदारी के साथ आर्कम वेंचर्स की अगुआई में 57.5 करोड़ रुपए जुटाए है। यह रकम सीरीज ए दौर में जुटाई गई। इस रकम का इस्तेमाल नई फैक्टरी बनाने में किया जाएगा, जिसमें इंजेक्शन-मोल्डिंग और डाई-कास्टिंग मशीनें लगाने के साथ-साथ इन-हाउस पैकेजिंग लाइनों की स्थापना शामिल है। इन पहल से कंपनी को देसी और निर्यात की बढ़ती मांग पूरी करने के लिए मासिक उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। मिराना अंतरराष्ट्रीय वृद्धि तेज करने के लिए अपनी डिजाइन और बिक्री टीमों के विस्तार की भी योजना बना रही है। चूंकी वैश्विक ब्रांड चीन-प्लस-वन रणनीति के तहत आपूर्ति श्रृंखला में विविधता ला रहे हैं, इसलिए भारत वैश्विक विनिर्माण केंद्र रूप में तेजी से उभर रहा है।

## विशाखापत्तनम में बनेगा एआई सक्षम 1 गीगावॉट कर आधुनिक डेटा सेंटर

**2030 तक पांच साल की अवधि में करीब 11 अरब डॉलर का निवेश होगा**

**नई दिल्ली** ब्रुकफील्ड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और डिजिटल रियल्टी के संयुक्त उद्यम- डिजिटल कनेक्शन ने गुरुवार को आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में एआई सक्षम 1 गीगावॉट वाला अति आधुनिक डेटा सेंटर बनाने की घोषणा की। इस पर 2030 तक पांच साल की अवधि में करीब 11 अरब डॉलर का निवेश होगा। इससे ठीक एक महीने पहले गूगल ने विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर के निवेश से वैश्विक स्तर का एआई संचालित डेटा सेंटर बनाने की योजनाओं के बारे में बताया था। गूगल का अमेरिका के बाहर यह अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह डेटा सेंटर 400 एकड़ भू-क्षेत्र पर फैला होगा। 14 नवंबर को रिलायंस ने घोषणा की थी कि वह पूरी तरह से मॉड्यूलर, भविष्य के लिहाज से तैयार 1 गीगावॉट का एआई डेटा सेंटर बनाएगी और यह दुनिया के सबसे आधुनिक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू), टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट्स (टीपीयू) और एआई प्रोसेसर को होस्ट करने के लिहाज से बनाया जाएगा। इस समझौते पर विशाखापत्तनम में सीआईआई पार्टनरशिप समिट 2025 के पहले दिन सीएम चंद्रबाबू नायडू, आईटी और उद्योग मंत्री नारा लोकेश तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज के कार्यकारी निदेशक पीएमएस प्रसाद की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए थे। कंपनी के मुताबिक उसके डेटा सेंटर एआई वर्कलोड की निरंतर मदद के लिए बनाए गए हैं, जो हाइपरस्केलर और उद्यमों को भविष्य के लिहाज से तैयार सिस्टम, दमदार सबस्टेशन, प्रचुर बिजली और रैक डेंसिटी के साथ अगले दशक के नवाचारों को संचालित करने में मदद करेंगे।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ

**सेंसेक्स 110 अंक ऊपर आया, निफ्टी 26,215 पर पहुंचा**

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल एशियाई और अन्य बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 110.87 अंक करीब 0.13 फीसदी बढ़कर 85,720.38 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान ये 86,055.86 का नये शीर्ष स्तर पर पहुंचा था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 10.25 अंक की हल्की बढ़त के साथ 26,215.55 पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के दौरान यह अपने पुराने शीर्ष स्तर 26,277 को तोड़कर 26,310.45 के नये उच्च स्तर पर पहुंचा। आज निफ्टी बैंक भी 59,866.60 के नये उच्च स्तर पर पहुंचा। यह कारोबार के अंत में 209.25 अंक करीब 0.35 फीसदी की तेजी के साथ 59,737.30 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, एलएंडटी, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, सन फार्मा और एनटीपीसी गेनर्स थे। मारुति सुजुकी, इटरनल (जोमैटो), अल्ट्राटेक सीमेंट, एसबीआई, टाटा स्टील, टीसीएस, टेक महिंद्रा, ट्रेंट, भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, बीईएल, एक्सिस बैंक और एमएंडएम के शेयर गिरे।

वहीं लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में मिश्रित कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 51 अंक की हल्की तेजी के साथ 61,113 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 95 अंक फिसलकर 17,876 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी, एनर्जी, इन्फा, कमोडिटीज, कंजप्शन और पीएसई बढ़त पर बंद हुए। वहीं, प्राइवेट बैंक, आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी औ सर्विसेज के शेयर नीचे आये।




आज कारोबारी सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा। दिन के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी ने नया उच्चतम स्तर बनाया पर इसके बाद बाजार नीचे आने लगा।

वहीं इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत बढ़त पर हुथी। शुरुआती कारोबार में वित्तीय सेवा, धातु और वाहन क्षेत्र में खरीदारी दर्ज की गयी। सुबह सेंसेक्स 268.37 अंक उछलकर 85,877.88 स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 72.40 अंक बढ़कर 26,277.70 स्तर पर था। निफ्टी बैंक 213.85 अंक करीब 0.36 फीसदी की बढ़त के साथ 59,741.90 स्तर पर कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 119.55 अंक ऊपर आकर 61,181.25 स्तर पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 27.90 अंक या 0.16 फीसदी की तेजी के साथ 17,999.75 स्तर पर था। एशियाई बाजारों में भी तेजी देखी गई, खासकर जापान का निकेटी और दक्षिण कोरिया का कोस्पी ऊपर आकर खुले। एसएंडपी 500 0.69 फीसदी और तकनीकी शेयरों वाला नैस्डैक 0.82 फीसदी बढ़ा। बाजार में यह बढ़त ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों से प्रेरित रही। विदेशी मुद्रा बाजार में भी बढ़त रही है।

# 2026 के आखिर तक 30,000 पर पहुंचेगा निफ्टी

▸▸ इक्विटी बाजार के लिए मजबूत सहारा साबित होगी

**नई दिल्ली**

ग्लोबल निवेश बैंकिंग दिग्गज जेपी मॉर्गन ने भारतीय शेयर बाजार को लेकर अपना रुख और मजबूत कर दिया है। कंपनी ने भारत के बेंचमार्क निफ्टी 50 इंडेक्स का बेस-केस लक्ष्य बढ़ाकर 2026 के आखिर तक 30,000 कर दिया है। हाल की रिपोर्ट में जेपी मॉर्गन ने कहा कि स्थिर राजकोषीय और मौद्रिक नीति, घरेलू मांग में मजबूती और बेहतर होते आर्थिक संकेतक भारतीय इक्विटी बाजार के लिए मजबूत सहारा साबित होगी।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीद और विदेशी पूंजी प्रवाह से अनुकूल वैश्विक रुझानों के बीच सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को अपने-अपने नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 416.67 अंक उछलकर 86,026.18 अंक के नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले 27 सितंबर 2024 को यह 85,978.25 अंक पर पहुंचा था। एनएसई निफ्टी 101.65 अंक की बढ़त के साथ 26,306.95 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी ने इससे पहले 27 सितंबर 2024 को कारोबार में 26,277 अंक के उच्च स्तर को छुआ था। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे ज्यादा फायदे में रहे।




## सर्दी परिधानों के खुदरा विक्रेता को तीसरी तिमाही में दो अंकों की वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली** परिधानों के खुदरा विक्रेता चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में दो अंकों की वृद्धि की उम्मीद की जा रही हैं क्योंकि सर्दियों के कपड़ों की बिक्री बढ़ने लगी है। परिधान ब्रांड ग्लोबल रिपब्लिक के सह-संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी ने हाल में रिटेल इंडिया समिट ऐंड एक्सपो (राइज) के मौके कहा कि इस साल मनोबल काफी ज्यादा है क्योंकि सर्दी पहले आ गई। यह सीजन ज्यादा जोरदार होने की उम्मीद है। इसलिए आने वाले महीने में मांग बढ़ने की उम्मीद है। हमें दो अंकों की वृद्धि हासिल होने की काफी उम्मीद है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच देश के ज्यादातर हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेल्सियस कम रहने के आसार हैं, पूर्वोत्तर भारत और पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को छोड़कर, जहां इस सप्ताह तापमान सामान्य से 2 से 4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहने की संभावना है। इसका मतलब यह है कि परिधानों के खुदरा विक्रेताओं के लिए नवंबर से जनवरी का समय पिछले साल की तुलना में ज्यादा जोरदार रहेगा। लैकोस्टे इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी ने कहा कि इस साल मौसम ने हमें अच्छे सीजन की उम्मीद जगाई है। कड़ी ठंड पड़ने वाली है और हम नवंबर से दो अंकों की अच्छी वृद्धि की उम्मीद की जा रही है।

# अनिल अंबानी की कंपनी के शेयर मचा रहे धमाल.......लगातार दूसरे दिन 5 प्रतिशत का उछाल

**मुंबई**

अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में लगातार धमाल मचा रहे है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर दूसरे दिन गुरुवार को बीएसई में 5 प्रतिशत उछलकर 166.95 रुपये पर पहुंचे हैं। कंपनी के शेयर बुधवार को भी 5 प्रतिशत के अपर सर्किट के साथ 159 रुपये पर बंद हुए थे। इसके पहले, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर लगातार 6 दिन लुढ़के हैं। कंपनी के शेयर मंगलवार 25 नवंबर को 52 हफ्ते के नए निचले स्तर 149.85 रुपये पर जा पहुंचे थे। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 425 रुपये है।

अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर बीते 6 माह में 45 प्रतिशत से अधिक टूट गए हैं। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 27 मई 2025 को 306.85 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 27 नवंबर 2025 को 166.95 रुपये पर जा पहुंचे हैं। बीते एक महीने में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में 25 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दिखाई दी है। वहीं, इस साल अब तक अनिल अंबानी की कंपनी के शेयर 47 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए हैं। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर अपने 52 हफ्ते के हाई से 60 प्रतिशत से ज्यादा टूट गए हैं। वहीं रिलायंस पावर के शेयरों में भी लगातार दूसरे दिन तेजी रही है। रिलायंस पावर के शेयर गुरुवार को 3 प्रतिशत की तेजी के साथ 40.79 रुपये पर जा पहुंचे हैं। रिलायंस पावर के शेयर बुधवार को 5 प्रतिशत से अधिक के उछाल के साथ बीएसई में 39.47 रुपये पर बंद हुए थे। अनिल अंबानी की पावर कंपनी के शेयर पिछले छह महीने में 20 प्रतिशत से अधिक टूट गए हैं। बीते एक महीने में कंपनी के शेयरों में करीब 9 प्रतिशत की गिरावट आई है। रिलायंस पावर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 76.49 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 31.30 रुपये है।



# आईएमएफ ने रुपए की विनिमय दर व्यवस्था के लिए 'फ्लोटिंग' लेबल फिर किया तय

▸▸ रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा में कम हस्तक्षेप का दिया हवाला

**नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने रुपए की विनिमय दर व्यवस्था के लिए 'फ्लोटिंग' लेबल को फिर से तय किया है। इसको लेकर समय में रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा में कम हस्तक्षेप का हवाला दिया है। 2023 में आईएमएफ ने फ्लोटिंग तमगे को हटा दिया था और भारत की वास्तविक विनिमय दर नीति को 'स्थिर व्यवस्था' बताया था जिससे संकेत मिलता है कि केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में बहुत ज्यादा और बार-बार हस्तक्षेप कर रहा था।

आईएमएफ द्वारा अपने बोर्ड को प्रस्तुत 'भारत पर 2025 की स्टाफ रिपोर्ट' में कहा गया है कि रुपये की विनिमय दर अंतरबैंक बाजार में तय की जाती है जहां आरबीआई अक्सर हस्तक्षेप करता है। आरबीआई अत्यधिक अस्थिरता को रोकने के लिए मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करता है। भारत की विनिमय दर व्यवस्था फ्लोटिंग है और इसकी वास्तविक विनिमय दर व्यवस्था को क्रॉल जैसी व्यवस्था के रूप में वर्गीकृत किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में आईएमएफ के मुताबिक क्रॉल-जैसी व्यवस्था का तात्पर्य किसी देश और उसके व्यापारिक भागीदारों के बीच मुद्रास्फीति के अंतर को दर्शाने के लिए मुद्रा में छोटे, क्रमिक समायोजन से है। स्थिर व्यवस्था एक ऐसी प्रणाली को संदर्भित करती है जहां केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप के जरिए किसी मुद्रा की हाजिर बाजार दर को लंबी अवधि, आम तौर पर छह महीने या उससे ज्यादा के लिए एक संकुचित दायरे में रखा जाता है।

## 2026 में समग्र विज्ञापन उद्योग में होगी मामूली बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**

। इस साल की पहली छमाही में धीमी वृद्धि और पैसे वाले खेलों पर बैन के बाद उद्योग के अधिकारियों को लगता है कि 2026 में समग्र विज्ञापन उद्योग में मामूली बढ़ोतरी हो सकती है। यह एक अंक में सीमित होगी और इसे डिजिटल श्रेणी से बल मिलेगा। हालांकि डिजिटल श्रेणी के दो अंकों में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है क्योंकि इसका योगदान बढ़ रहा है और अब कुल विज्ञापन खर्च में करीब आधा योगदान देता है।

मीडिया रिपोर्ट में उद्योग के एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि यह तब हो रहा है जब देश में 45 फीसदी कॉरपोरेट फर्म विज्ञापन के लिए डिजिटल को प्राथमिकता देती हैं। इस साल फरवरी में डेंटसु ई4एम डिजिटल रिपोर्ट 2025 के मुताबिक भारत के विज्ञापन उद्योग को 2025 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था। इस साल के आखिर तक 1.1 लाख रुपए के बाजार आकार तक पहुंचने की उम्मीद थी और इसका प्रमुख नेतृत्व डिजिटल श्रेणी द्वारा किए जाने की बात कही गई थी।

हवास की कंपनी पाइवट रूट्स के संस्थापक और मुख्य कार्य अधिकारी शिबू शिवनंदन ने कहा कि कुल विज्ञापन खर्च में करीब 46 फीसदी हिस्सेदारी डिजिटल श्रेणी के होने की उम्मीद है और अनुमान जताया है कि यह 12 से 14 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि दर से बढ़ रहा है।



हवास प्ले के सीओओ ने बताया कि 2025 में अधिकांश वृद्धि डिजिटल-प्रथम श्रेणियों जैसे वित्तीय प्रौद्योगिकी, ई-कॉमर्स और सीधे उपभोक्ता आधारित रोजमर्रा के सामान वाले ब्रांडों में देखी जाएगी। अगले साल लीनियर टीवी, ओओएच, रेडियो, प्रिंट जैसे पारंपरिक श्रेणियों के निम्न से मध्य एक अंकों में बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा, टीवी और आउटडोर विज्ञापन श्रेणी उच्च-प्रभाव वाले कार्यक्रमों और क्षेत्रीय पहुंच से लाभान्वित होते रहेंगी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि 2026 में इस साल के मुकाबले में थोड़ा बेहतर होगा, जिसका नेतृत्व ज्यादा आत्मविश्वासपूर्ण उपभोग वातावरण और सामग्री, खेल और डिजिटल पारिस्थितिकी प्रणालियों में बढ़े हुए ब्रांड खेल द्वारा किया जाएगा।

यह साल उद्योग के लिए मध्य-एक अंकों की वृद्धि के साथ समाप्त होगा।

## 30 नवंबर तक ये जरुरी काम कर लें.....केंद्र सरकार के वे कर्मचारी




**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार के वे कर्मचारी जो नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) से यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) में स्विच होना चाहते हैं, उन्हें 30 नवंबर तक अपना विकल्प चुनना जरुरी है। अंतिम तारीख अब कुछ ही दिनों में आने वाली है, इसकारण वित्त मंत्रालय ने सभी पात्र कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लोगों से निर्धारित समय सीमा से पहले आवेदन दाखिल करने की अपील की है। वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जो भी कर्मचारी या पेंशनर यूपीएस के तहत मिलने वाले लाभ पाना चाहते हैं, वे 30 नवंबर 2025 से पहले अपना अनुरोध अवश्य जमा करें। यूपीएस यानी यूनिफाइड पेंशन स्कीम, जिसे जनवरी 2025 में अधिसूचित किया था, केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एनपीएस का एक नया विकल्प है। इस 1 अप्रैल 2025 से लागू किया गया है। यूपीएस की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह महंगाई से जुड़ी हुई गारंटीड पेंशन प्रदान करता है। यह एक कॉन्ट्रिब्यूटरी स्कीम है, जिसमें कर्मचारी को अपने बेसिक पे + डीए का 10 प्रतिशत योगदान देना होगा, जबकि नियोक्ता यानी केंद्र सरकार 18.5 प्रतिशत योगदान देगी। यह व्यवस्था एनपीएस की तुलना में अधिक स्थिर और पूर्वानुमेय पेंशन का वादा करती है। क्या यूपीएस, एनपीएस का हिस्सा है?

हां। यूपीएस पूरी तरह नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के ढांचे के भीतर संचालित होने वाली स्कीम है। इस पीएफआरडीए द्वारा विनियमित किया जाता है और यह सेवा में मौजूद तथा कुछ शर्तों को पूरा करने वाले सेवानिवृत्त दोनों के लिए उपलब्ध है। यूपीएस के तहत कर्मचारियों को अंतिम 12 महीनों के औसत बेसिक पे का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलता है, बशर्ते कर्मचारी ने कम से कम 25 वर्ष की सेवा पूरी की हो।



# टीवी पर काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा अनुभव है

टीवी हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया है। छोटे पर्दे ने न सिर्फ हमें मनोरंजन दिया है, बल्कि हमारी सोच, हमारी भावनाओं और हमारे रिश्तों को समझने का तरीका भी बदल दिया है। वर्ल्ड टेलीविजन डे पर आईएएनएस से बात करते हुए टीवी एक्ट्रेस अमनदीप सिद्धू ने अपने अनुभव साझा किए कि कैसे यह माध्यम उनके जीवन और करियर दोनों में एक अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि टीवी इंडस्ट्री में काम करना सिर्फ एक नौकरी नहीं है, बल्कि यह उन्हें सीखने, बढ़ने और दर्शकों के साथ गहरे भावनात्मक रूप से जुड़ने का जरिया भी देता है। इंटरव्यू में अमनदीप ने कहा कि टीवी ने उन्हें बहुत कुछ दिया है। उन्होंने कहा, टीवी सिर्फ करियर बनाने का जरिया नहीं है, बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसने मुझे अपनी आवाज और मकसद खोजने में मदद की है। इसके जरिए मैं लोगों के साथ जुड़ पाती हूं और अपनी कहानियों के माध्यम से भावनाओं और अनुभवों को साझा कर सकती हूं। टीवी मेरे लिए दर्शकों से जुड़ने वाला एक पुल है, जहां कहानी और भावनाएं सीधे लोगों तक पहुंचती हैं।

उन्होंने आगे कहा, टीवी पर काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा अनुभव है। एक्टिंग हमेशा से मेरा शौक रहा है और हर दिन नए किरदार में ढलना मुझे अंदर से बेहद खुशी देता है। हर प्रोजेक्ट मेरे लिए एक नए सफर जैसा होता है, जो मेरे जीवन, संघर्ष और खुद को समझने का मौका देता है। टीवी ने सिखाया कि कैसे कठिनाइयों का सामना किया जाता है और जीवन के हर अनुभव से सीख ली जाती है। अमनदीप ने नागिन 6 के अनुभव को साझा करते हुए कहा, टीवी पर काम करने का सबसे खास हिस्सा है रोजाना का रूटीन और दर्शकों के साथ जुड़ाव। जब मैं किसी डेली सोप में काम करती हूं, तो मेरा किरदार समय के साथ विकसित होता है और मुझे व्यक्तिगत रूप से भी सीखने का मौका मिलता है। दर्शकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया मुझे खुशी देती है और यह अनुभव दर्शकों के बीच एक खास रिश्ता बनाता है।



# बॉयफ्रेंड राहुल मोदी की फिल्म में काम करेंगी श्रद्धा कपूर

अपनी सादगी से फैंस के दिलों पर राज करने वालीं श्रद्धा कपूर जहां इन दिनों पैर में फैक्चर के कारण घर पर आराम फरमा रही हैं, वहीं उन्होंने एक ऐसा खुलासा किया है, जिसके बाद उनके दीवानों की बांछे खिल गई हैं। स्त्री एक्ट्रेस ने कंफर्म किया है कि उनकी अगली फिल्म कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के साथ होगी। राहुल मोदी एक राइटर और फिल्ममेकर हैं। श्रद्धा बीते दिनों फिल्म ईथा की शूटिंग के दौरान घायल हो गईं। वह लावणी डांस सीक्वेंस शूट कर रही थीं, जबकि उनका पैर फैक्चर हो गया। एक्ट्रेस ने हेल्थ अपडेट भी दिया है। बताया है कि सेहत में सुधार है। श्रद्धा ने अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बताया। एक्ट्रेस ने बताया कि ईथा के बाद वह राहुल मोदी की एक फिल्म में दिखेंगी, जो स्टार्टअप्स की दुनिया की कहानी होगी। श्रद्धा ने कहा कि फिल्म में उनका रोल बहुत चैलेंजिंग है।

### शहीद विजय सालस्कर की बायोपिक करेंगी प्रोड्यूस

श्रद्धा कपूर ने ये भी बताया कि वह बतौर प्रोड्यूसर सुपर फैट स्टूडियो के साथ दो फिल्में को-प्रोड्यूस करने वाली हैं। इनमें से एक फिल्म जाबांज पुलिस अफसर एक पुलिसवाले विजय सालस्कर की कहानी होगी, जो 26/11 हमलों में शहीद हो गए थे। इसे अखिव अली डायरेक्ट करेंगे। विजय सालस्कर ने दगड़ी चॉल में अरुण गवली के गैंग के कई गुंडों का एनकाउंटर किया था।

### एक अन्य फिल्म की शूटिंग भी कर ली है पूरी

श्रद्धा कपूर ने एक और खुलासा किया कि उन्होंने एक अन्य फिल्म की शूटिंग भी पूरी कर ली है। उन्होंने कहा, मैंने एक फिल्म की शूटिंग पहले ही कर ली है। इसकी आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है, इसलिए मैं इसके बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकती। लेकिन जल्द ही इसको लेकर ऐलान होगा।

### स्टार्टअप कल्चर पर आधारित होगी श्रद्धा-राहुल की फिल्म

एक्ट्रेस ने आगे बताया कि इस प्रोजेक्ट के बाद वह अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी की फिल्म कर रही हैं। उन्होंने कहा, उसके बाद मैं राहुल की फिल्म कर रही हूं। उसके बारे में बिंदास बात कर सकती हूं। यह स्टार्टअप की दुनिया की फिल्म है। यह हसल कल्चर यानी बिजनस की दुनिया में मची हलचल और उसकी एनर्जी पर आधारित है। मेरे लिए एकदम नया किस्म का रोल है जो बहुत ज्यादा चैलेंजिंग है।

### कौन हैं, कहां से हैं राहुल मोदी?



राहुल मोदी और श्रद्धा कपूर ने कभी खुलकर अपने रिश्ते पर मुहर नहीं लगाई है, लेकिन एक्ट्रेस ने कई बार फैंस को अपने रिश्ते को लेकर हिंट दिया है। राहुल मोदी एक राइटर और फिल्ममेकर हैं। वह प्यार का पंचनामा 2, सोनू के टीटू की स्वीटी, और तू झूठी मैं मक्कार जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। राहुल मोदी मुंबई से ही हैं। उन्होंने लव रंजन की 2011 में रिलीज प्यार का पंचनामा के सेट पर बतौर इंटर्न करियर की शुरुआत की थी।

### जान-बूझकर चुन रही हैं कम फिल्में

एक विलेन फेम एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वह करियर के इस पड़ाव पर सिर्फ वैसे रोल ही चुन रही हैं, जो उन्हें एक एक्टर के तौर पर आगे बढ़ाए। श्रद्धा ने कहा, अभी मैं जान-बूझकर यही तय कर रही हूं कि मुझे इस टाइप के रोल ही करने हैं, जहां पर मैं एक एक्टर के तौर पर बहुत ज्यादा चैलेंज होती हूं और एक एक्टिव कैरेक्टर प्ले करती हूं। इसलिए बहुत सोच समझकर स्क्रिप्ट्स पढ़ रही हूं।



# नीना गुप्ता से सीखते और अनुभव लेते हैं संजय मिश्रा

**इन दिनों बॉलीवुड की कई जानी मानी हस्तियां 56वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में पहुंच रही हैं। इसी कड़ी में बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार संजय मिश्रा भी फेस्टिवल में पहुंचे। यहां उन्होंने अपकमिंग फिल्म वध 2 की स्क्रीनिंग में हिस्सा लिया। इस बीच उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपनी साथी कलाकार नीना गुप्ता की तारीफ की।**



संजय मिश्रा ने नीना गुप्ता के बारे में कहा उनके साथ काम करके सीखने का मौका मिलता है और अनुभव मिलता है। नीना गुप्ता मेरी सीनियर हैं और आज भी मैं उनसे बहुत कुछ सीखता हूं। नीना गुप्ता स्वास्थ्य कारणों की वजह से फिल्म फेस्टिवल में नहीं आ सकीं। इस पर संजय मिश्रा ने कहा आज नहीं आ पाईं, उनकी तबियत थोड़ी खराब है वर्ना वह भी आपके पास होतीं।

### अगले साल रिलीज होगी फिल्म

मिश्रा का मानना है कि ऐसी फिल्म के साथ लौटना उनके लिए इमोशनल है। यह फिल्म उन लोगों के माहौल को दिखाती है जो अजीब हालात का सामना करते हैं। फिल्म अगले साल 6 फरवरी को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### क्या है वध 2 की कहानी

इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में वध 2 की स्क्रीनिंग हुई। इस फिल्म के निर्देशक जसपाल सिंह संधू हैं। इसके निर्माता लव रंजन और अंकुर गर्ग हैं। इस फिल्म में एक मिडिल क्लास जोड़े की कहानी दिखाई गई है। उनका बेटा उन्हें छोड़कर अमेरिका में बस जाता है। वह दोनों लोन की वजह से परेशान हो जाते हैं।



# मनोज बाजपेयी ने 'फैमिली मैन' को भी बताया गेम चेंजर

इन दिनों अभिनेता मनोज बाजपेयी सीरीज द फैमिली मैन 3 को लेकर चर्चा में हैं। इस सीरीज में वह श्रीकांत तिवारी नाम के स्पेशल एजेंट का रोल करते हैं। द फैमिली मैन सीरीज ने वेब सीरीज की दुनिया में एक गेम चेंजर का काम किया है।

### 'द फैमिली मैन 3' का सफर कितना रोमांचक रहा?

सफर बेहद रोमांचक रहा। इस बार 'द फैमिली मैन' सिर्फ स्केल में बड़ा नहीं है, चुनौतियां भी कहीं ज्यादा बड़ी हैं। इस बार जो दुश्मन है वो भी बड़ा और खूंखार है। और अगर उसमें जयदीप अहलावत और निमरत कौर जैसे नाम जुड़े हों, तो समझ सकते हैं कि ये ऐसे ही नहीं आए हैं।

### क्या आप मानते हैं कि फैमिली मैन ने कहीं न कहीं गेमचेंजर का काम किया?

यकीनन, इसने पूरी मनोरंजन की दुनिया को उलट-पुलट करके रख दिया था। इसने ओटीटी को बहुत बड़ी पहचान दी और ऑडियंस को बताया कि थिएटर के अलावा भी एक मीडियम है जो आपका मनोरंजन कर सकता है। उसके बाद जब दूसरा सीजन आया.. वो तो बहुत ही बड़ा था। तब से मनोरंजन की पूरी परिभाषा ही बदल गई हमारे यहां पर।

### क्या आपकी असल ज़िंदगी में कभी ऐसा वक्त आया जब काम से पहले परिवार को चुनना पड़ा हो?

परिवार और मेरा काम कभी एक-दूसरे के आड़े नहीं आते। इसका पूरा श्रेय मेरी पत्नी को जाता है। अगर वह कुछ चाहती हैं और मैं खाली होता हूं, तो मैं समय देने की पूरी कोशिश करता हूं।

# मैं बार-बार नेगेटिव किरदार नहीं करना चाहता था



एक्टर जयदीप अहलावत ने द फैमिली मैन में नेगेटिव किरदार निभाया है और उनका सामना मनोज बाजपेयी से हुआ है। सीरीज में उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। नेगेटिव किरदार निभाने पर उनकी कैसी छवि बन गई थी इस पर उन्होंने बात की है। बातचीत में जयदीप अहलावत ने बताया एक समय ऐसा भी था जब मुझे कई ऑफर ठुकराने पड़े थे। यह मौका कमांडो में काम करने के बाद आया था। मुझे कई अजीब तरह के नेगेटिव किरदार के ऑफर आने लगे थे। फिल्म में मैंने जो किरदार किया था वह थोड़ा अजीब और अलग था। हर कोई मुझे अजीब तरह के नेगेटिव रोल ऑफर करता। यह परेशान करने वाला था। अगर आप कुछ अलग करते हैं तो आपके पास आने वाली हर दूसरी स्क्रिप्ट वैसी ही होती है। मैं ऐसे रोल क्यों करूं। मैं बार-बार वही किरदार नहीं करना चाहता। जयदीप ने आगे बताया कि उन्होंने कुछ फिल्मों और शोज में काम किया तब उनकी छवि में बदलाव हुआ।



# मेरी फिल्मों में हमेशा सोशल लेयर रहती है

फिल्ममेकर कबीर खान गोवा के पणजी में चल रहे 56वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में पहुंचे। इवेंट के दौरान उन्होंने बातचीत में अपने प्रोजेक्ट्स और सलमान खान के साथ काम करने को लेकर जैसे कई मुद्दों पर बात की। कबीर खान ने अपनी फिल्म चंदू चैंपियन के लीड एक्टर कार्तिक आर्यन को फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, कार्तिक ने इस फिल्म के लिए जिस लेवल की मेहनत की, वैसी मेहनत बहुत कम एक्टर करते हैं। डेढ़ साल तक उन्होंने खुद को पूरी तरह रोल के हवाले कर दिया। बॉक्सिंग सीखी, स्विमिंग सीखी, और सबसे मुश्किल बिना पैरों के स्विमिंग सीखना भी। उन्होंने अपने शरीर को 37 प्रतिशत फैट से घटाकर सिर्फ 7 प्रतिशत तक लाया। ये किसी आम कलाकार के बस की बात नहीं।

जब उनसे पूछा गया कि कार्तिक आर्यन, जिनकी पहचान प्यार का पंचनामा और लुका छुपी जैसी हल्की-फुल्की फिल्मों के किरदारों से रही है, उन्हें चंदू चैंपियन जैसे गंभीर और चुनौतीपूर्ण रोल के लिए क्यों चुना गया, तो इस पर कबीर खान ने बताया कि उनके करियर की खासियत यही रही है कि वे हमेशा कलाकारों को उनकी सहज छवि से बाहर निकालते हैं। उन्होंने कहा, जब मैंने न्यूयॉर्क में कैटरीना कैफ को लिया, तो वो उनके करियर का सबसे अलग रोल था। फिल्म काबुल एक्सप्रेस में जॉन अब्राहम, 83 में रणवीर सिंह और बजरंगी भाईजान में सलमान खान इन सबने अपने करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाए। अब कार्तिक ने भी वैसा ही किया है। मेरे लिए यही सिनेमा का असली मजा है किसी एक्टर के अंदर वो रॉ मटीरियल देखना और उसे नए किरदार में ढाल देना। आने वाले प्रोजेक्ट्स पर कबीर खान ने बताया कि वे अगले महीने एक नई फिल्म की घोषणा करने वाले हैं। उन्होंने कहा, ये कहानी बहुत दिलचस्प है और इसे बेहद अलग अंदाज में बनाया जा रहा है। अभी ज्यादा नहीं बता सकता, लेकिन ये मेरे अब तक के काम से थोड़ी हटकर होगी।

जब कबीर खान से पूछा गया कि उनकी फिल्मों में हमेशा सामाजिक या राजनीतिक परत देखने को मिलती है क्या वे कभी इससे अलग दिशा में, जैसे कॉमेडी या एक्शन जॉनर में कुछ नया करने का सोचते हैं?

इस पर उन्होंने कहा, मेरी फिल्मों में हमेशा एक सोशल या पॉलिटिकल लेयर रहती है, क्योंकि मुझे वैसा सिनेमा देखना पसंद है, इसलिए मैं वैसा ही बनाता हूं, लेकिन अगर किसी कहानी में बजरंगी भाईजान जैसी कॉमेडी होगी, तो वह अपने आप आ जाएगी और अगर कहानी में एक था टाइगर या फैंटम जैसा एक्शन होगा, तो वो भी आएगा। मैं कभी जॉनर के हिसाब से नहीं, कहानी के हिसाब से सोचता हूं। मेरे लिए मूल में हमेशा ह्यूमन स्टोरी होती है।

### आमिर खान और रणबीर कपूर के साथ भी काम करना चाहता हूं

जब उनसे पूछा गया कि क्या कोई ऐसा एक्टर है जो उनकी बकेट लिस्ट में शामिल है, जिनके साथ वे भविष्य में काम करना चाहते हैं, तो कबीर बोले, बहुत सारे हैं। शाहरुख खान हैं उन्होंने ट्यूबलाइट में मेरे साथ कैमियो किया था, लेकिन कभी पूरी फिल्म नहीं की। आमिर खान और रणबीर कपूर के साथ भी काम करना चाहता हूं।

### बजरंगी भाईजान 2 पर बोले कबीर



सलमान खान के साथ फिर से काम करने के सवाल पर, कबीर ने कहा, मेरी और सलमान की जोड़ी हमेशा खास रही है। बजरंगी भाईजान को आज दस साल हो गए हैं, लेकिन लोगों का प्यार आज भी वैसा ही है। लोग बार-बार पूछते हैं कि बजरंगी भाईजान 2 कब बनेगी। मैं और सलमान भी इस पर बात करते हैं, लेकिन हम दोनों मानते हैं कि ऐसी फिल्म की लीगेसी को बिगाड़ना नहीं चाहिए। अगर हमें कोई शानदार स्क्रिप्ट मिलती है, तो जरूर बनाएंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in